RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 01 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# कोरोना पकड़ रहा है रफ्तार

## 24 घंटे में 640 नए मामले, केरल में 1 की मौत

### नोएडा, गाजियाबाद के बाद लखनऊ में मिला संक्रमित


### 3 हजार के करीब एक्टिव केस, केरल में 1 मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक साल बाद कोरोना वायरस फिर वापसी कर रहा है। धीरे-धीरे वायरस की चपेट में लोग आने लगे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले 24 घंटे के आंकड़े जारी कर बताया है कि इन 24 घंटों में देश भर में कोरोना के 640 नए मरीज सामने आए हैं। देश भर में सक्रिय मरीजों की संख्या 2997 हैं। संक्रमण दर 1.19 फीसदी पर पहुंच गयी है। सबसे ज्यादा मामले केरला में आए हैं। यहां 265 नए एक्टिव केस मिले हैं। जबकि बीते 21 दिसंबर को कोरोना संक्रमित 1 मरीज की मौत हो गयी है।

कोरोना वायरस एक बार फिर डराने लगा है। अब नए शहरों में भी मरीज मिलने (शेष पृष्ठ-5 पर)

### लखनऊ में महिला संक्रमित

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी कोरोना से संक्रमित एक मरीज मिला है. 75 साल की महिला मरीज मानक नगर थाना क्षेत्र के चंदरनगर में रहती है। उसे दो दिन से सर्दी-जुकाम और बुखार आ रहा था। वो हफ्ते पहले ही थाईलैंड से लौटी है। कोविड जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.निशांत निर्वाण ने बताया कि महिला को कोरोना के सामान्य लक्षण हैं। टीम ने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग भी की है। हालांकि, उन लोगों में कोरोना के लक्षण नहीं पाए गए। मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया है। जरूरी ट्रीटमेंट किया जा रहा है। महिला को कोरोना के नए वैरिएंट जेएन 1 की शिकायत नहीं है।



### सतर्क रहें, चिंता न करें : बृजेश पाठक



यूपी में कोविड की स्थिति पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि घबराहट पैदा करने की कोई जरूरत नहीं है एक या दो मामले हैं और उनका इलाज उनके घरों पर किया जा रहा है। यह सामान्य सर्दी की तरह है और फ्लू। लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है लेकिन चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### गाजियाबाद में मिला एक मरीज

यूपी के गाजियाबाद में एक और मरीज मिला है। 36 साल का मरीज विजयनगर में रहता है। दो दिन पहले ही गाजियाबाद में शास्त्री नगर में एक बीजेपी पार्षद संक्रमित था। परिवार के सदस्य की दुबई से लौटने की ट्रैवल हिस्ट्री है। स्वास्थ्य विभाग कोविड संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान और उनकी जांच में जुटा है। संक्रमित मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे जा रहे हैं।

वहीं, नोएडा में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 संक्रमित मरीज मिला है। 42 साल का मरीज नेपाल से लौटा था और यहां नोएडा के सेक्टर-36 का रहने वाला है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में काम करता है. स्वास्थ्य विभाग ने सैंपल लेकर जीनोम सिक्वेंसिंग की जांच के लिए भेज दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि तैयारी को लेकर जल्द ही जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में मॉक ड्रिल कराई जाएगी।

# जनपद दीवानी में चुनावी माहौल, उत्साह में अधिवक्ता

## चुनाव में दोपहर 1:00 बजे तक डाले गए 800 वोट



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद दीवानी एवं फौजदारी जिला अदालत गौतमबुद्धनगर में आज बार एसोसिएशन के चुनाव में अधिवक्ता पूरे उत्साह के साथ अपना वोट डाल रहे हैं। जनपद दीवानी में आज सुबह से ही चुनावी माहौल दिखने लगा था। बार एसोसिएशन चुनाव 2023-24 में कुल 2114 वकील मतदान करेंगे।

जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के चुनाव में आठ पदों के लिए मतदान हो रहा है। 2114 अधिवक्ता इन आठ पदों पर उम्मीदवारों का चयन करेंगे। बार चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव प्रशासनिक, सह सचिव पुस्तकालय, सांस्कृतिक सचिव व कोषाध्यक्ष पदों के लिए प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा। आज सुबह 9 बजे बार एसोसिएशन के लिए वोट डालने की प्रक्रिया शुरू हुई। अधिवक्ता शाम 5:00 बजे तक मतदान करेंगे उसके बाद थोड़ी देर के लिए टी ब्रेक होगा और उसके बाद वोटों की गिनती शुरू कर देर रात तक नवनिर्वाचित पदाधिकारी के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन के चुनाव करने वाली एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र नरगर ने बताया कि बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट मनोज भाटी (बोडाकी) एडवोकेट प्रमेन्द्र सिंह भाटी, (शेष पृष्ठ-5 पर)

# 'वतन की सरहद को कोई छू नहीं सकता'

## सेक्टर-29 में लेफ्टिनेंट जनरल सी बंसी पोनप्पा ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में आज 22वें विजय दिवस पर भारतीय थल सेना के लेफ्टिनेंट जनरल सी बंसी पोनप्पा ने सेक्टर-29 स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ में उनकी पत्नी श्रीमती नित्या पोनप्पा भी मौजूद थीं।

इस मौके पर आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल सी बंसी पोनप्पा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले शहीद सैनिकों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। (शेष पृष्ठ-5 पर)

# दबंगों ने महिलाओं से की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रास्ते में खड़ी कार हटाने के विवाद में दबंग पड़ोसियों ने महिलाओं के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। ग्राम कलोंदा निवासी जाहिद अली ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते दिनों वह अपने कार्य से बाहर गया हुआ था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले रफाकत व नन्ने ने उसकी पत्नी अंजुम व साली शबनम के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। इस बात का विरोध करने पर रफाकत, नन्ने ,उनकी पत्नी परवीन व सुल्ताना ने दोनों को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट की। मारपीट में अंजुम और शबनम को चोटें आई। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों महिलाओं को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया उसके बाद आरोपी जान (शेष पृष्ठ-5 पर)

# सांसदों के निलंबन के विरोध में सपाइयों का प्रदर्शन



**नोएडा (चेतना मंच)।** शीतकालीन सत्र के दौरान 142 सांसदों को लोकसभा, राज्यसभा से निलंबित करने के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज सेक्टर-19 स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रोष जताया। सपा ने निलंबित सांसदों का निलंबन तुरंत वापस लिए जाने की मांग की।

समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर के कार्यकर्ता आज सुबह सेक्टर-19 स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। सपाइयों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय (शेष पृष्ठ-5 पर)

# नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा चालक को लूटा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के इटेडा गोल चक्कर के पास सवारी के भेष में बैठे बदमाशों ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा चालक को बेहोश कर दिया इसके बाद बदमाश उसे सड़क किनारे फेंक कर ई-रिक्शा को लूट ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले को चोरी की धारा में दर्ज किया है। बलवंत नगर ओम साइन कॉलोनी सेक्टर-121 निवासी विनोद कुमार ने पुलिस से की (शेष पृष्ठ-5 पर)

# दो किशोरियों का अपहरण

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा अलग-अलग स्थानों से दो किशोरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस में अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है और किशोरियों की तलाश कर रही है। मूल रूप से जनपद हमीरपुर निवासी दिनेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन उसके चाचा चाची के साथ गिझोड गांव में किराए पर रह रही थी। वह सेक्टर-33 के एक घर में घरेलू सहायिका का काम करती थी। बीते दिनों वह घर से काम करने के लिए निकली थी इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। (शेष पृष्ठ-5 पर)

# किसान सम्मान दिवस का आयोजन कल

## कईयों को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री : कैप्टन विकास गुप्ता



**नोएडा/लखनऊ।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह की जयंती पर कल लखनऊ में 'किसान सम्मान दिवस-2023' का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने दी है।

लोक भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में स्व0 चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मण्डी परिषद द्वारा लाभार्थियों को अनुदान पर वितरित 51 ट्रैक्टर्स को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

कार्यक्रम में किसान मित्र चैट बोट का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जायेगा। 'किसान सम्मान दिवस-2023' के अवसर पर फसलोत्पादन (धान, गेंहूँ, दलहन, तिलहन, श्रीअन्न)-प्रथम पुरस्कार, विशिष्ट महिला कृषक प्रथम पुरस्कार, प्राकृतिक खेती-प्रथम पुरस्कार, एफ0पी0ओ0- (शेष पृष्ठ-5 पर)


भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



विकास शर्मा
(25.12.1982 - 14.12.2023)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय **विकास शर्मा** सुपुत्र श्री त्रिलोक शर्मा दिनांक 14-12-23 को परमात्मा में विलीन हो गए। उनकी आत्मा की शांति के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया है।

दिनांक : 24 दिसंबर 2023 (रविवार) समयः 2 बजे से 3 बजे तक
स्थान : रामा बैंक्वेट हॉल, मेट्रो स्टेशन, सैक्टर-52, नोएडा

शोकाकुल
शर्मा परिवार

मो.- 9716937788, 9891117721, 9891588747, 9999322269


# मुख्यमंत्री के सामने उठाई किसानों की आवाज

## किसानों की समस्याओं का जल्द होगा समाधान : मुख्यमंत्री

**नोएडा/ लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ आवास पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया एवं दादरी विधायक तेजपाल नागर के साथ मिलकर नोएडा के फ्लैट बॉयर्स की समस्या का समाधान करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

उन्होंने मुख्यमंत्री को नोएडा के किसानों की प्रमुख समस्याओं के बारे में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने किसानों की 10 प्रतिशत भूखंडों की समस्या का समाधान करने का पूर्ण आश्वासन दिया।



इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ग्रेटर नोएडा आगमन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने उनसे किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन दिया था तथा उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने का भी अनुरोध किया था। कल भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, दादरी के विधायक तेजपाल नागर तथा भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के साथ लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिले तथा किसानों के मसले पर पुनः अपना पक्ष रखा।

बता दें कि 10 फीसदी आवासीय भूखंड, आबादी की सीमा को 400 वर्ग मीटर से बढ़कर 1000 वर्ग मीटर किए जाने तथा गांव में किसानों को वाणिज्यिक गतिविधियां चलाने की अनुमति दिए जाने आदि मांगों को लेकर विभिन्न किसान (शेष पृष्ठ-5 पर)

## अशोभनीय आचरण

संसद परिसर में ही उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के सार्वजनिक अपमान पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कहना पड़ा कि यह 'अशोभनीय आचरण' है। राष्ट्रपति व्यथित हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पीड़ा साझा की कि वह 20 साल से ऐसा ही अपमानजनक व्यवहार झेल रहे हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला उपराष्ट्रपति से मुलाकात करने गए और सांसदों के आपत्तिजनक व्यवहार पर गहरी चिंता जताई। उपराष्ट्रपति के अपमान पर देश भर से क्या प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, वे सुर्खियां बनी हैं। भारत की 'संवैधानिक त्रिमूर्ति' को संसद परिसर में ही क्षोभ जताना पड़ा है। यह लोकतंत्र और संविधान का भी अपमान है। संसद परिसर किसी विदूषक, कॉमेडियन, जोकर या नकलची का मंच नहीं है। बेशक संसद के दोनों सदनों से 143 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है। सांसद संसद के प्रवेश-द्वार पर बैठे हैं। वे संसद भवन से विजय चौक या राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकाल सकते थे अथवा जंतर-मंतर पर मॉक संसद का आयोजन कर अपना विरोध जता सकते थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ के हाव-भाव और भंगिमाओं की नकल कर उनका मजाक उड़ाया। क्या सांसद के नाते यही संस्कार और आचार-संहिता सीखी है उन्होंने? कल्याण भी विदूषक या जोकर नहीं हैं, जो नकल करने की कला पर निलंबित सांसदों को हंसा रहे थे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी उस 'मिमिक्री' का वीडियो बना रहे थे। क्या उन्हें 'संवैधानिक चेहरे' की खिल्ली उड़ाने में सुख मिलता है? यह देश का भी अपमान है। राहुल गांधी भी उपराष्ट्रपति के अपमान में शामिल दिखे। चूंकि मोदी सरकार अडाणी समूह, बेरोजगारी, महंगाई सरीखे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर सरोकार नहीं जता रही है, तो इसके मायने ये नहीं हो सकते कि राज्यसभा के सभापति को सरेआम बेइज्जत करें। आखिर इस मजाक और अपमान के तर्क क्या हैं? उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। जगदीप धनखड़ निर्वाचित होकर पदासीन हुए हैं। कल्याण बनर्जी कुछ भी सफाई दें, लेकिन राज्यसभा के सभापति के प्रति उनका आक्रोश, उनकी खीझ और नफरत ही अभिव्यक्त हुई हैं। संसद परिसर में यह व्यवहार अक्षम्य है। संभव है कि राज्यसभा के निलंबित सांसद, सभापति के फैसले से, असहमत और असंतुष्ट हों! ज्यादातर सांसद लोकसभा से निलंबित किए गए हैं। हमने ऐसी कार्रवाई का विश्लेषण किया था और इन्हें 'कठोरतम कर्रवाई' करार दिया था। ऐसी कार्रवाई की जाएंगी, तो संसद विपक्ष-मुक्त होने लगेगी। यह भी संवैधानिक स्थिति नहीं है, लेकिन इन पीठासीन अध्यक्षों के फैसलों के बदले में संवैधानिक चेहरों का अपमान भी बिल्कुल अस्वीकार्य है। हमें याद नहीं आता कि ऐसा सार्वजनिक अपमान संसद परिसर में पहले कभी किया गया हो! बहरहाल अब इस अपमान की सार्वजनिक प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। जाट समाज की खाप के प्रधान जगदीप सेहरावत ने कहा है कि यह उपराष्ट्रपति ही नहीं, देश के किसानों का भी अपमान है। खाप ने माफी मांगने का आग्रह किया है। अन्यथा किसान और जाट मिलकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। सर्वोच्च अदालत के अधिवक्ता विनीत जिंदल ने विवादास्पद सांसदों के खिलाफ लोकसभा और राज्यसभा की आचार समितियों में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कल्याण, राहुल और अन्य सांसदों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। यह संसद में जातीयता का मुद्दा नहीं है, लेकिन उपराष्ट्रपति के पद और सदन के संरक्षक की गरिमा को कैसे गिराया जा सकता है? यदि भाजपा ने जाट और किसान अपमान का भी मुद्दा बना लिया, तो गौरतलब है कि देश भर में 9 करोड़ से अधिक, करीब 6.5 फीसदी आबादी, जाट हैं। हरियाणा में उनकी आबादी 27 फीसदी के करीब है, जबकि पंजाब में 25 फीसदी, राजस्थान में 14 फीसदी, दिल्ली-पश्चिमी उप्र में 10-10 फीसदी के करीब आबादी है। जाटों ने दिल्ली में महापंचायत भी बुलाई है। यह महत्त्वपूर्ण राजनीतिक और चुनावी मुद्दा बन सकता है। दरअसल संसद के भीतर संवैधानिक और राजनीतिक टकराव के समीकरण गहराते जा रहे हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि माया की प्रेरणा से काल, कर्म, स्वभाव और गुण से घिरा हुआ (इनके वश में हुआ) यह सदा भटकता रहता है। बिना ही कारण स्नेह करने वाले ईश्वर कभी विरले ही दया करके इसे मनुष्य का शरीर देते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**नर तनु भव बारिधि कहुँ बेरो। सन्मुख मरुत अनुग्रह मेरो॥**
**करनधार सदगुर दृढ़ नावा। दुर्लभ साज सुलभ करि पावा॥**

यह मनुष्य का शरीर भवसागर (से तारने) के लिए बेड़ा (जहाज) है। मेरी कृपा ही अनुकूल वायु है। सद्गुरु इस मजबूत जहाज के कर्णधार (खेने वाले) हैं। इस प्रकार दुर्लभ (कठिनता से मिलने वाले) साधन सुलभ होकर (भगवत्कृपा से सहज ही) उसे प्राप्त हो गए हैं।

**दो0- जो न तरै भव सागर नर समाज अस पाइ।**
**सो कृत निंदक मंदमति आत्माहन गति जाइ॥**

जो मनुष्य ऐसे साधन पाकर भी भवसागर से न तरे, वह कृतघ्न और मंद बुद्धि है और आत्महत्या करने वाले की गति को प्राप्त होता है॥

**जौं परलोक इहाँ सुख चहहू। सुनि मम बचन हृदयँ दृढ़ गहहू॥**
**सुलभ सुखद मारग यह भाई। भगति मोरि पुरान श्रुति गाई॥**

यदि परलोक में और यहाँ दोनों जगह सुख चाहते हो, तो मेरे वचन सुनकर उन्हें हृदय में दृढ़ता से पकड़ रखो। हे भाई! यह मेरी भक्ति का मार्ग सुलभ और सुखदायक है, पुराणों और वेदों ने इसे गाया है॥

**ग्यान अगम प्रत्यूह अनेका। साधन कठिन न मन कहुँ टेका॥**
**करत कष्ट बहु पावइ कोऊ। भक्ति हीन मोहि प्रिय नहिं सोऊ॥**

ज्ञान अगम (दुर्गम) है (और) उसकी प्राप्ति में अनेकों विघ्न हैं। उसका साधन कठिन है और उसमें मन के लिए कोई आधार नहीं है। बहुत कष्ट करने पर कोई उसे पा भी लेता है, तो वह भी भक्तिरहित होने से मुझको प्रिय नहीं होता॥

**भक्ति सुतंत्र सकल सुख खानी। बिनु सतसंग न पावहिं प्रानी॥**
**पुन्य पुंज बिनु मिलहिं न संता। सतसंगति संसृति कर अंता॥**

भक्ति स्वतंत्र है और सब सुखों की खान है, परंतु सत्संग (संतों के संग) के बिना प्राणी इसे नहीं पा सकते और पुण्य समूह के बिना संत नहीं मिलते। सत्संगति ही संसृति (जन्म-मरण के चक्र) का अंत करती है॥ क्रमश:

# जाटों की नाराजगी इंडिया गठबंधन को चुनावों में पड़ सकती है भारी

राज्यसभा के सभापति और कद्दावर जाट नेता जगदीश धनखड़ का जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक सांसद ने लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन के भीतर मजाक उ?ाया और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उसका हंस-हंस कर वीडियो बनाया उससे राजस्थान, हरियाणा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट काफी नाराज हैं। जाट समाज इसके खिलाफ महापंचायत बुलाकर बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकता है। आम चुनाव से कुछ समय पूर्व विपक्ष का इस तरह का रवैया उसके स्वयं के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। टीएमसी सांसद के मिमिक्री कांड से पश्चिम बंगाल में भले ही ममता बनर्जी की पार्टी को कोई नुकसान नहीं हो, लेकिन राहुल गांधी के वीडियो बनाने वाले शर्मनाक कृत्य से राजस्थान और हरियाणा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में बड़ा खेला हो सकता है, जिसका इंडिया गठबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़े तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। वहीं भाजपा मिमिक्री कांड से फायदे में नजर आ रही है।




**मिमिक्री कांड सामने आते ही बहुजन समाज पार्टी ने तो इस मामले में अपना स्टैंड क्लियर करते हुए इस घटना को दुर्घटना पूर्ण बता दिया है लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और राष्ट्रीय दल के नेता चौधरी जयंत सिंह की चुप्पी से जाट समाज काफी आहत है।**

मिमिक्री कांड सामने आते ही बहुजन समाज पार्टी ने तो इस मामले में अपना स्टैंड क्लियर करते हुए इस घटना को दुर्घटना पूर्ण बता दिया है लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और राष्ट्रीय दल के नेता चौधरी जयंत सिंह की चुप्पी से जाट समाज काफी आहत है। समय रहते इन दोनों नेताओं ने अपना स्टैंड क्लियर नहीं किया तो लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जाट बाहुल्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई सीटों पर बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल, राज्यसभा सभापति पदेन उपराष्ट्रपति भी होता है। जगदीप धनखड़ पुराने जाट नेता हैं। उनकी उम्र भी हो चुकी है। नई दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में जाट समाज का बोलबाला है। जाट समाज यूं तो किसी को वोट दे पर समाज के प्रतिष्ठित शख्सियत के अपमान पर एकजुट नजर आता है। वैसे भी एक बुजुर्ग आदमी की बॉडी लैंग्वेज का मजाक बनाना बेहद भद्दा है। उसमें भी अगर यह किसी सांसद द्वारा किया जाए यह तो वास्तव में भारतीय लोकतंत्र के लिए शर्मिंदगी की बात है।

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने जो किया वो गलत है, पर राहुल गांधी ने जो किया वो बहुत ही अभद्रता की श्रेणी में आ जाता है। राहुल गांधी अगर वीडियो नहीं बनाते तो शायद यह मामला सामने आता नहीं आता क्योंकि आजकल तमाम दिग्गज हस्तियों की मिमिक्री के बहुत लोग वीडियो बना रहे थे और बहुत लोग देश के तमाम सम्मानित लोगों की बॉडी लैंग्वेज की नकल कर उनका मजाक बनाते रहते हैं। हो सकता है कि संसद में भी यह आए दिन होता हो। कल्याण बनर्जी को कौन जानता है। हो सकता है कि इसके पहले कल्याण बनर्जी पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की भी इस तरह से हंसी उड़ा चुके हों पर चूंकि कल्याण बनर्जी को कोई जानता ही नहीं है इसलिए मामला तूल नहीं पकड़ता। राहुल गांधी विपक्ष के सबसे बड़े दल के सबसे बड़े नेता हैं। इंडिया गठबंधन अगर अस्तित्व में आता है, चुनावों में विजयी होता है तो उन्हें पीएम बनते हुए भी हम देख सकते हैं। इसलिए उनका वीडियो बनाना लोगों और उसमें भी खास का जाट समुदाय को बिल्कुल भी नहीं पचेगा। वहीं कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि इसको जाट समुदाय से जोड़कर देखना गलत है।

उधर, दिल्ली और उसके आसपास के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट समुदाय ने भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया है। जगदीप धनखड़ के समर्थन में पालम के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी ने कहा इस मुद्दे पर हमने प्रमुख लोगों की मीटिंग बुलाई है। फिलहाल अभी पंचायत नहीं बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि या तो टीएमसी सांसद माफी मांगें या हम बड़े स्तर पर पंचायत करेंगे और हो सका तो टीएमसी के सांसदों का मकान भी घेरेंगे। सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि उप राष्ट्रपति के हाव-भाव का प्रदर्शन करने के लिए जिम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जाट समाज किसान परिवार का अपमान नहीं सहेगा। राज्यसभा के सभापति का अपमान क्यों किया गया? क्योंकि वो किसान परिवार में जन्मे हैं? मुझे उम्मीद है ममता बनर्जी खुद माफी मांगने के साथ ही अपने सांसदों से माफी मंगवाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी।

**-संजय सक्सेना**

# श्रीमद्भगवद्गीता : सफल जीवन के लिए दिव्यामृत


**सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।**
**अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच**


[अन्य सभी धर्मों (कर्तव्यों) का त्याग करके मात्र मेरी ही शरण में रहो; मैं (उन कम आवश्यक कर्तव्यों को न करने से उत्पन्न) सब पापों से तुम्हें मुक्त कर दूँगा। शोक मत करो!] — अध्याय 18, श्लोक 66

महान योगी श्री श्री परमहंस योगानन्द ने अपनी पुस्तक 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' (महर्षि वेदव्यास विरचित श्रीमद्भगवद्गीता का अनुवाद एवं व्यापक व्याख्या) में भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा अपने आदर्श शिष्य अर्जुन को प्रदान किये गए इस वचन का अनुवाद इन शब्दों में किया है, 'यदि तुम सभी अहं-प्रेरित कर्तव्यों को त्याग कर, मेरे निर्देशानुसार सभी दिव्य कर्तव्यों को पूर्ण करते हुए, मेरे साथ समाधि में रहते हो, तो तुम मुक्त हो जाओगे।'

योगानन्दजी— जो आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, 'योगी कथामृत,' के लेखक हैं और जिन्होंने एक शताब्दी से भी अधिक पूर्व योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया/सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना की थी— कहते हैं कि गीता के मात्र सात सौ श्लोकों में ब्रह्माण्ड का सम्पूर्ण ज्ञान समाया हुआ है और 'ईश्वर की ओर वापसी के पथ पर व्यक्ति जहाँ कहीं भी हो, उसकी यात्रा के उस खण्ड पर गीता अपना प्रकाश डालेगी।'

योगानन्दजी का गीता की व्याख्या का कार्य अनेक वर्षों पूर्व उनके गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी और परमगुरुओं श्री श्री लाहिड़ी महाशय और महावतार बाबाजी के





श्री श्री परमहंस योगानंद

अन्तर्ज्ञानात्मक मार्गदर्शन में प्रारम्भ हुआ था। बाबाजी ने उसी पवित्र क्रियायोग प्रविधि को पुनरुज्जीवित किया था जिसका भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता में दो बार उल्लेख किया गया है। जैसा कि योगानन्दजी ने स्पष्ट किया है, 'एक ईश्वर-प्राप्त गुरु की सहायता से व्यक्ति अन्तर्ज्ञानात्मक बोध की कुंजी के प्रयोग के द्वारा भाषा और अस्पष्टता के कठोर कवच को खोल कर धर्मग्रन्थों के वचनों में निहित सत्य के मूल तक पहुंचना सीखता है।'

गुरुदेव ने गीता की गहन दार्शनिक अवधारणाओं की अन्तिम समीक्षा और विस्तृत विवरण 1952 में अपनी महासमाधि से पूर्व के कुछ महीनों में कैलिफोर्निया के मोहावि रेगिस्तान में स्थित एक छोटे से आश्रम में एकान्त में की थी। वहाँ के बारे में स्मरण करते हुए एक संन्यासी ने बताया कि, '(जहाँ योगानन्दजी कार्य कर रहे थे) उस कमरे का स्पन्दन अविश्वसनीय था; वह ईश्वर में प्रवेश करने जैसा था।'


योगानन्दजी के इस अनूठे प्रयास का उद्देश्य गीता को अपनी अवधारणाओं के अनुसार या 'बौद्धिक रूप से तोड़-मरोड़ कर' समझना और समझाना नहीं था, अपितु संसार को श्रीकृष्ण और अर्जुन के मध्य वास्तविक संवाद की व्याख्या प्रदान करना था जिसे स्वयं महर्षि व्यास ने अनुभव किया था तथा भक्तिमय अन्तर्ज्ञान में 'परमानन्द की विभिन्न अवस्थाओं में' प्रकट किया था।

अत: 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' सर्वव्यापी ब्रह्म (जिसके प्रतीक श्रीकृष्ण हैं) और आदर्श भक्त की आत्मा (जिसके प्रतीक अर्जुन हैं) के मध्य संवाद का वर्णन है। एक विवेकशील भक्त के लिए पहले अध्याय से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि कुरुक्षेत्र के युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का प्रयोग प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा (पांडु के वंश) के साथ समस्वर शुद्ध विवेकशील बुद्धि तथा अहंकार द्वारा भ्रमित इन्द्रियों के बन्धन में जकड़े हुए अन्धे मन (अन्धे राजा धृतराष्ट्र और उनकी दुष्ट सन्तानों) के मध्य निरन्तर होने वाले आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक युद्ध को दर्शाने के लिए किया गया है।

भगवान् श्रीकृष्ण (गुरु अथवा जाग्रत आत्मचेतना अथवा ध्यान से उत्पन्न अन्तर्ज्ञान) की सहायता से, 'अपने राज्य को अहंकार और उसकी बुरी मानसिक प्रवृत्तियों की सेना के अधिकार से मुक्त कराने के लिए' और ब्रह्म की सर्वसंतुष्टिदायक सम्प्रभुता स्थापित करने के लिए भौतिक, मानसिक और आध्यात्मिक युद्ध आवश्यक है। जिस प्रकार श्रीकृष्ण ने निराश अर्जुन को असीम सांत्वना प्रदान की थी, उसी प्रकार योगानन्दजी प्रत्येक सच्चे साधक में विद्यमान अर्जुन भक्त को अपने अवर्णनीय शब्दों में यह परामर्श देते हैं, 'प्रत्येक व्यक्ति को कुरुक्षेत्र का अपना युद्ध स्वयं लड़ना है। यह युद्ध मात्र जीतने के योग्य ही नहीं है अपितु ब्रह्माण्ड तथा आत्मा एवं परमात्मा के शाश्वत सम्बन्ध की दिव्य व्यवस्थाओं के अनुरूप भी है। यह एक ऐसा युद्ध है जिसे कभी न कभी तो जीतना ही पड़ेगा।' **- सन्ध्या एस.नायर**

## राशिफल


मार्गशीर्ष शुक्ल-एकादशी (विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
खट्टा-मीठा बना रहेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम-संतान में थोड़ी दूरी बनी रहेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम संतान के के साथ अच्छी स्थिति बने रहने के बावजूद भी दूरी बनी रहेगी।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ समय कहा जाएगा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी लेकिन मन चिंतित रहेगा। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कुछ नए साधन से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा, स्वास्थ्य मध्यम।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य बस कुछ काम बनेंगे, यात्रा में लाभ होगा, धार्मिक बने रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम संतान की स्थिति मध्यम रहेगी



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वाहन धीरे चलाएं। किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो इससे सावधानी बरतें।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक हो जाएंगे। स्वास्थ्य नरम गरम, प्रेम संतान मध्यम।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भावुक मन से कोई निर्णय न लें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। प्रेम संतान लगभग ठीक रहेगा। व्यापार भी ठीक है। लाल वस्तु पास रखें।

# वार्षिक कार्यक्रम मीडिया फेस्ट का आयोजन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सत्यम स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में एक दिवसीय रंगारंग वार्षिक मीडिया फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसकी थीम 'सांस्कृतिक विविधता का उत्सव और आजादी का अमृत महोत्सव' था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन, ट्रस्टी और गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना से हुआ वही सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सुखमंच थिएटर के महमोहक नुक्कड़ नाटक से हुआ।

इस कार्यक्रम के अतिथियों में प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व प्रमुख कर्नल सिंह, जस्टिस आर. एन. मिश्रा, सरोज मिश्रा, भारतीय डाक सेवा अतिरिक्त सचिव ओंबिर सिंह, रेडियो जॉकी राहुल माकिन, गायक अवि राजपूत, निर्भया कांड की पैरवी करने वाली सुप्रीम कोर्ट की वकील सीमा कुशवाहा, फोर्टिस नॉएडा न्यूरोसर्जन डॉ. राहुल गुप्ता, रूचि अनुराग तेलांग आदि रहे।

इस अवसर पर सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन स्नेह सिंह और ट्रस्टी सेकेट्री प्रदीप गुप्ता ने इस फेस्ट के सफल आयोजन पर स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन के संचालकों और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया, उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्राओं में प्रतिसपर्धा की भावना जागृत होती है जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की ओर मार्ग प्रशस्त करती है।

# वास्मे के यूपीडेस्को का कंप्यूटर कोर्स का शुभारंभ




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इन्टर कालेज में छात्रों को डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने के लिए वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेस ने यूपीडेस्को का कंप्यूटर कोर्स शुरू किया है। जिसका उद्घाटन ओएनजीसी के सीजीएम (एच आर ) दैतारी मलिक द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ओएनजीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने कहा छात्रों को कौशलपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कम्प्यूटर कोर्स शुरू किया जा रहा है। इसके तहत अभी 400 छात्रों को कम्प्यूटर कोर्स कराया जाएगा।ये तीन माह का सर्टिफिकेट कोर्स होगा। यह कोर्स ओएनजीसी के सीएसआर फंड से संचालित हो रहा है।

दयानंद सिंह, ओएनजीसी के ऑल इंडिया एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ ओएनजीसी के अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम में राजेश लाल, कौशल परियोजनाओं के निदेशक, संपन ग्रोवर, कौशल प्रशिक्षण के महाप्रबंधक,संजीव लायक, कार्यकारी सचिव, पंचशील बालक इन्टर कालेज के प्रिंसिपल डा नीरज टंडन सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग तथा छात्र उपस्थित रहे।

# गीता त्यागी बनी भारतीय युवा परिषद की महिला अध्यक्ष



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश त्यागी ने गीता त्यागी को गाजियाबाद की महिला इकाई का जिलाध्यक्ष घोषित किया है।

आदेश त्यागी ने गीता त्यागी को महिला इकाई का जिला अध्यक्ष घोषित करते हुए उम्मीद व्यक्त की कि वह संगठन को मजबूत बनाने तथा महिलाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठा कर उनका निराकरण कराने में अहम योगदान देंगी।

उन्होंने कहा कि श्रीमती गीता त्यागी पिछले काफी समय से संगठन से जुड़ी हुई हैं और महिलाओं की आवाज को प्रमुखता से उठा रही हैं।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गीता त्यागी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। महिलाओं की आवाज को उठाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगी।

# जेवर एयरपोर्ट से 65 लाख यात्री भरेंगे उड़ान, 2042 तक 7 करोड़ होगी संख्या

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के पास जेवर में बन रहा जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) अगले कुछ वर्षों में दिल्ली-एनसीआर का सबसे विकसित क्षेत्र बन जाएगा। जेवर एयरपोर्ट से वर्ष-2024-25 में विमान उड़ान भरने लगेंगे। जेवर एयरपोर्ट अपने शुरूआती वर्षों में 65 लाख यात्रियों को प्रति वर्ष सेवाएं देगा।

ग्रेटर नोएडा के पास स्थित जेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसके निर्माण के साथ ही ग्रेटर नोएडा, जेवर व आसपास के इलाके की तस्वीर आने वाले कुछ वर्षों में एकदम बदल जाएगी। सीएम.... योगी आदित्यनाथ स्वयं इस प्रोजेक्ट पर अपनी नजर रखे हुए हैं। समय-समय पर सीएम.... योगी अपने सोशल मीडिया आकउंट एक्स (पूर्व में टिवटर) पर जेवर एयरपोर्ट से जुड़े विकास की तस्वीर दुनिया भर के सामने रखते हैं।




ग्रेटर नोएडा के पास स्थित जेवर में जेवर एयरपोर्ट के पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद वर्ष-2042-43 तक जेवर एयरपोर्ट से 7 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष उड़ान भरने लगेंगे। जेवर एयरपोर्ट पर इन यात्रियों के लिए तमाम सुविधाएं होंगी।

जेवर एयरपोर्ट का निर्माण इस समय तेजी के साथ चल रहा है।

सीएम योगी के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट) दिल्ली एनसीआर की एक बड़ी पहचान बनेगा।

अगले कुछ वर्षों में यह क्षेत्र एनसीआर का सबसे ज्यादा विकसित क्षेत्र होगा। जेवर एयरपोर्ट के पास उद्योग, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही साथ आवासीय क्षेत्र भी विकसित किया जा रहा है। एयरपोर्ट के पास ही सबसे बड़ी फिल्म सिटी प्रस्तावित है। एयरपोर्ट के पास फिल्म सिटी की स्थापना क्षेत्र के चौतरफा विकास को गति देगी। फ्लस्वरूप यह क्षेत्र युवाओं के लिए विभिन्न सेक्टर्स में रोजगार सृजन करेगा।

जेवर एयरपोर्ट एयर कार्गो हब भी बनेगा जहां हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जेवर एयरपोर्ट के एक रनवे से 2024-25 में हवाई जहाज की उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार कर दिया जाएगा और प्रतिवर्ष यहां से 65 लाख यात्री उड़ान भर सकेंगे।

# अशोधित सीवर को ड्रेन में डालने पर फर्म पर पांच लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग ने इंटेलेक्ट प्रोजेक्ट फर्म पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने सेक्टर-12 में अशोधित सीवर को ड्रेन में डालने पर यह कार्रवाई की है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इंटेलेक्ट प्रोजेक्ट फर्म सीवर को शोधित किए बिना वाटर ड्रेन में डाला जा रहा था, जो कि एनजीटी के नियमों का घोर उल्लंघन है। इससे पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है और प्राधिकरण की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने बताया कि अशोधित सीवर को ड्रेन में डालने से रोकने के लिए नोटिस भी जारी की गई, लेकिन कोई सुधार न होने पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले भी 2021 में दो बार इंटेलेक्ट प्रोजेक्ट फर्म पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है, लेकिन फर्म ने इसे जमा नहीं किया। प्राधिकरण की तरफ से अंतिम अवसर दिया गया है। फर्म को शीघ्र नौ लाख रुपये प्राधिकरण के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा लीज डीड की शर्तों के अनुसार कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने सभी संस्थाओं से सीवर को शोधित करने और उसे सिंचाई आदि कार्यों में रीयूज करने की अपील की है। ऐसा न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# मैक्सिबन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम



**जेवर।** जहांगीरपुर के मैक्सिबन पब्लिक स्कूल में शीतकालीन ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं ने दौड़ में परचम लहराया है।

मैक्सिबन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक योगेन्द्र सैनी व प्रधानाचार्य खानचंद वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया की शीतकालीन ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में स्कूल के 80 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमे 100.200.300 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें 27 स्वर्ण पदक,26 रजत पदक , 27 कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया जहां सभी विजेता छात्र छात्राओं को स्कूल मैनेजमेंट ने पदक देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर अध्यापकों में रिंकू शर्मा, नीरज राणा, मोहर सिंह, राहुल राघव, सीमा चौधरी, बीना शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# जेवर के मैन चौराहा पर छात्राओं ने लगाया जामा प्रधानाचार्या बदसलूकी करने का आरोप

**जेवर।** आर्दश इन्टर कालेज जेवर की दर्जनों छात्राओं ने अपने कालिज की प्रधानाचार्या पर अवैध रूप से फीस वसूलने करने व अशोभनीय भाषा बोलने का आरोप लगा जेवर टप्पल मार्ग व मैन चौराहा पर जाम लगा दिया जिससे वाहनों की लम्बी कतारें लग गई सूचना पर पहुंची जेवर कोतवाली पुलिस ने छात्राओं को समझा बुझाकर और कानूनी कार्रवाई करने का भरोसा देकर एक घंटे बाद जाम को खुलवा दिया।



आर्दश इन्टर कालेज की हाई स्कूल व इन्टर की दर्जनों छात्रा गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे जेवर टप्पल मार्ग व जेवर के मैन चौराहा पर अपने प्रधानाचार्य के खिलाफ नारेबाजी करती हुईं पहुंची और चौराहा पर बैठ गयी जिससे जेवर को आने वाले वाहनों की मैन चौराहा पर लम्बी कतारें लग गई।

छात्राओं ने प्रधानाचार्या पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया की वह छात्राओं के साथ अश्लील भाषा प्रयोग करने व माथे पर तिलक लगाकर आने वाली छात्राओं के साथ अभद्रता करने व अवैध फीस वसूल करने का आरोप लगाया। जाम खुलवाने पहुंची जेवर कोतवाली पुलिस से छात्राओं की तीखी नोंकझोंक हुई कोतवाली पुलिस द्वारा प्रधानाचार्या के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन मिलने के बाद छात्राओं ने करीब नौ बजे अपना धरना समाप्त कर दिया तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। छात्राओं ने कोतवाली पुलिस को अल्टीमेटम दिया है की अगर छात्राओं की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह शुक्रवार को फिर जेवर के मैन चौराहा को जाम करेंगी।

वहीं प्रधानाचार्या रेनू भारती ने बताया की मेरे ऊपर छात्राओं द्वारा लगाये गये आरोप झूठे व बुनियाद है गांव कानीगढी निवासी एक छात्रा के पिता ने शराब पीकर बुधवार की शाम मेरे व अध्यापक के साथ फोन पर बदसलूकी व छात्राओं से धरना दिलवाने की धमकी दी थी। उक्त मामले से उपजिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह भी वाकिफ है छात्राओं ने तहसील में भी शिकायती पत्र दिया था मैं बुधवार को तहसील मुख्यालय गयी थी उपजिलाधिकारी से मुलाकात नही होने के कारण तीन घंटे इंतजार के बाद बैरंग वापस कालिज आ गई थी।

# अवैध यूनिपोल हटाने की मुहिम शुरू, एसीईओ ने खुद संभाली कमान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में अवैध यूनिपोल लगाने वालों के खिलाफ प्राधिकरण ने अभियान चलाया है। प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बृहस्पतिवार को खुद कमान संभाली। पहले दिन चार अवैध यूनिपोल हटाए गए हैं। इससे पहले विगत 13 दिसंबर को 6 अवैध यूनिपोल लगाने वालों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगा चुका है।

ग्रेटर नोएडा में अवैध यूनिपोल लगे होने की सूचना मिलने प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अर्बन सर्विसेज विभाग को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीईओ ने एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग को अवैध यूनिपोल हटाने की जिम्मेदारी सौंपी है। एसीईओ बृहस्पतिवार को खुद ग्रेटर नोएडा वेस्ट में घूमीं। चार अवैध यूनिपोल को हटवाया। ये चार यूनिपोल चार मूर्ति चौक पर हिंडन ब्रिज के पास, वीवीआईपी होम्स के सामने, 60 मीटर रोड पर गौर सिटी मॉल के पास, 60 मीटर रोड पर ही डी मार्ट पुलिस चौकी के सामने लगे थे। एसीईओ ने यूनिपोल हटाने वाली टीम को यूनिपोल हटाने के दौरान यातायात को बाधित न करने और सुरक्षा के लिहाज से सभी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। जहां पर ट्रैफिक का लोड अधिक हो, वहां ऑफ ऑवर में यूनिपोल हटाने को कहा है। अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से बताया गया कि ग्रेटर नोएडा में करीब 60 यूनिपोल ही वैध लगे हैं, शेष अवैध हैं। एसीईओ ने इन्हें चिंहित कर साप्ताहिक अभियान चलाकर इनको हटवाने के निर्देश दिए। एसीईओ ने चेतावनी दी कि प्राधिकरण के राजस्व का नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा दिनांक 01.02.2024 से रेलगाड़ी सं. 12915/12916 अहमदाबाद-दिल्ली जं.-अहमदाबाद आश्रम एक्सप्रेस के आवागमन हेतु अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। ठहराव की समय-सारणी निम्नानुसार होगा:-

| गाड़ी सं. 12915 अहमदाबाद-दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस | | | | स्टेशन | गाड़ी सं. 12916 दिल्ली-अहमदाबाद आश्रम एक्सप्रेस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्तमान | | संशोधित | | | संशोधित | | वर्तमान | |
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:25 | -- | -- | अहमदाबाद | -- | -- | 06:20 | -- |
| 19:38 | 19:40 | -- | 19:40 | साबरमती | 05:55 | -- | 05:30 | 05:32 |

साबरमती स्टेशन के बाद समय-सारणी में कोई परिवर्तित नहीं।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

4000/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिराका विवरण नीचे निम्नवत है- **ई निविदा संख्या : NER-LJN-2023-230 कार्य का नाम :** गोण्डा में सिग्नल एंव दूरसचार विभाग के सी.वाई.एम. एंव आर. आर. आई. भवन मरम्मत एंव नवीनीकरण कार्य, कैरज एंव वैगन भवन के नवीनीकरण कार्य, आर.ओ.एच. गोण्डा का नववीनीकरण एवं मरम्मत का कार्य आदि। **अनुमानित लागत :** 15874106.61 **अग्रिम धन :** 229400.00 **समापन अवधि :** 12 माह **ई निविदा संख्या : NER-LJN-2023-231 कार्य का नाम :** गोण्डा में एन.आई. कार्य के दौरान बचे हुये विविध ट्रैक कार्य। **अनुमानित लागत :** 4014883.34 **अग्रिम धन :** 80300.00 **समापन अवधि :** 09 माह **ई निविदा संख्या : NER-LJN-2023-232 कार्य का नाम :** लखनऊ मण्डलः गोमती नगर स्टेशन में मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के निर्माण का प्रावधान। **अनुमानित लागत :** 16701497.82 **अग्रिम धन :** 233500.00 **समापन अवधि :** 12 माह 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER- LJN -2023-230-232 तक के लिये ई-निविदा **दिनांक 10.01.2024** को **15:00 बजे** तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय **15:00 बजे** के बाद ई-निविदा की खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई - निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

संख्या-ड/362/पूअरे/लजं./2023/230-232/ड-5 दिनांकः-19.12.2023

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग

मुजाधि/डबलू-465 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# 'विकसित भारत यात्रा' का हो रहा गांवों में स्वागत




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गांव नई बस्ती एवं समाधिपुर में भारत विकसित संकल्प यात्रा पहुँची ग्रामीणो ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह जी मुख्यअतिथि दोनों कार्यक्रमों में रहे। जिला प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह एवं जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने गाँव वालों को विकसित भारत बनाने के लिये लोगो को शपथ दिलायी भारत विकसित संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि आज देश दुनिया में विकाश कार्यों के साथ आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बन कर मज़बूती से आगे बढ़ रहा है। आज केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार ग़रीब शोषित वंचितों के उत्थान के लिये सरकारे कटिबद्ध व प्रतिबद्ध हैं।

इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव बडपुरा एवं गुलावठी खुर्द में पहुंची इस अवसर पर गांव बाडपुरा में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह भाटी एवं अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यवीर सिंह भिखारी सिंह नरेश कौशिक राजकुमार शर्मा तरुण बीडीसी दूसरी तरफ गांव गुलावठी खुर्द में मास्टर क्षेत्रपाल सिंह प्रधान अजय सिसोदिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिसरख ब्लॉक के प्रमुख ओमपाल प्रधान रहे नोडल अधिकारी राकेश शर्मा गुलावठी खुर्द में अनिल कुमार एवं अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल उपस्थित रहे गाँव में 10 उज्वला गैस कनेक्शन 12 आयुष्मान। कार्ड गाँव गुलावटी में 6 आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये।

## सीटू ने दिया धरने को समर्थन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** एनटीपीसी दादरी ग्रेटर नोएडा से प्रभावित 24 गांवों के किसानों के रोजगार सहित कई ज्वलंत मांगों को लेकर भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में एनटीपीसी अनिश्चितकालीन रात दिन का धरना चल रहा है। धरनारत किसानों के बीच सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष लता सिंह, जनवादी महिला समिति की जिला प्रभारी आशा यादव, जिलाध्यक्ष रेखा चौहान, कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी, सरस्वती आदि ने पहुंचकर धरनारत किसानों को संबोधित किया और किसानों की मांगों और उनके आंदोलन का अपने संगठन की ओर से समर्थन किया। किसानों को संबोधित करते हुए गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में मजदूरों किसानों का उत्पीड़न बड़ा है सरकार और अधिकारी मजदूरों किसानों की बात को बिल्कुल भी सुनने को तैयार नहीं है यही कारण है कि जनपद में लगातार मजदूरों किसानों के आंदोलन चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के किसानों की मांगे बिल्कुल जायज है।

## हाउसकीपिंग विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नियम कानून का उल्लंघन कर ईएसआईसी अस्पताल सेक्टर-24, नोएडा के संविदाकार मैसर्स-कार्मिक इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के ठेकेदार द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ हाउसकीपिंग विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर है। सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा व सचिव रामस्वारथ ने आंदोलनरथ कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी मांगो और हड़ताल का मजदूर संगठन सीटू की ओर से समर्थन व्यक्त किया।

धरनारत कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि ईएसआईसी प्रबंधन और ठेकेदार की आपसी मिली भगत से कर्मचारियों का आर्थिक व मानसिक रूप से शोषण किया जा रहा है।

## विद्युत कनेक्शन को लेकर किया प्रदर्शन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंडन नदी पुस्ता के साथ बसी कॉलोनियों/आबादियों में बिजली कनेक्शन देने की मांग को लेकर राष्ट्रीय शहरी ग्रामीण विकास समिति के बैनर तले लोगों ने विद्युत वितरण खंड प्रथम के कार्यालय सेक्टर-25 पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता शिवम तिवारी को सौंपा गया। इस पर अधिशासी अभियंता शिवम तिवारी द्वारा धरना स्थल पर आकर लोगों को आश्वासन दिया कि वे उक्त समस्या का समाधान करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## नि:शुल्क शिविर में लोगों ने कराई आँखों की जाँच




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** क्लब के अध्यक्ष कपिल शर्मा ने बताया रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा व भारतीय आँख संस्थान के सहयोग से एक नि:शुल्क नेत्रजाँच शिविर कल सामुदायिक केंद्र रबूपुरा गौतमबुद्धनगर में लगाया गया। शिविर में 117 लोगों ने आँखों की जाँच करायी। जिसमे 20 लोगो की आँखों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गयी। उन सभी लोगो का नि:शुल्क ऑपरेशन भी कराया जायेगा। शिविर में क्लब अध्यक्ष कपिल शर्मा, कपिल गुप्ता, शुभम् सिंघल, रोहित सिंघल (उपचेयरमैन नगर पंचायत रबूपुरा), सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## समृद्धि गोल्ड मेडल जीतकर फिर से बनी चैंपियन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** चन्नई में चल रहे राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता 2023 में ग्रेटर नोएडा निवासी सुजीत नागर की सुपुत्री समृद्धि नागर ने 500 मीटर और 600 मीटर में राष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्राप्त कर जनपद गौतमबुद्ध नगर सहित उत्तर प्रदेश का भी नाम रोशन किया है।

लगातार कड़ी मेहनत और लगन के साथ समृद्धि को यह सफलता प्राप्त हुई हैं जिसको लेकर जनपद गौतम बुध नगर वासियों सहित प्रदेश के लोगों के द्वारा बधाइयों का सिलसिला जारी है।

## उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा ने कल जिला मुख्यालय पर एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौपा।

देश के उपराष्टपति के प्रति कांग्रेस के नेता की शर्मनाक हरकत के प्रति पूरा देश आक्रोशित है।

भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी व क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजयुमो सुखविंदर सिंह सोम, जिला अध्यक्ष नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा राहुल गांधी का पुतला फूंका।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, सतेंद्र नागर, पवन नागर, रवि जिन्दल, कर्मवीर आर्य, इन्द्र नागर, गुरुदेव भाटी, सत्यपाल शर्मा, सचिन शर्मा, महेश शर्मा, इन्द्रजीत टाइगर, सतवीर भाटी, सुनील खारी, कपिल गुर्जर, पंकज रावल, शेखर नागर, श्यामवीर भाटी, राजेश ठेकेदार, सुनील सोनक आदि सैकड़ों कार्यकर्ता ज्ञापन के अवसर पर उपस्थित रहे।

## डूब क्षेत्र में हो रही अवैध बिजली चोरी

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** कुलेसरा के डूब क्षेत्र में एनपीसीएल अधिकारियों एवं स्थानीय बिजली माफियाओं की मिली भगत से लाखों रुपए की बिजली चोरी कर आपूर्ति की जा रही है। बताया जाता है कि कुलेसरा के डूब क्षेत्र में विद्युत कनेक्शन पर पूरी तरह से पाबंदी है। लेकिन स्थानीय एनपीसीएल अधिकारियों की जब भरो नीति के कारण यहां पर बिजली अवैध रूप से जल रही है। सूत्र बताते हैं कि कुलेसरा के ही एक भू-माफिया द्वारा अधिकारियों से सांठ-गांठ कर डूब क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। एक तरफ जहां लखनऊ में बैठे एनपीसीएल के आला अफसर विभाग को शिखर पर ले जाने के अभियान में जुटे हैं। वहीं ग्रेटर नोएडा के एनपीसीएल अधिकारी अपनी जेब भरो नीति के कारण कंपनी को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। यदि इस मामले की जांच कंपनी के उच्च अधिकारियों द्वारा कराई जाए तो इसमें कई लोगों की गर्दन फंस सकती है।

सूत्र अभी बताते हैं कि यह क्रमागत 10 सालों से निरंतर चल रहा है कभी-कभी अधिकारी खाना पूर्ति करने के लिए कागजों पर छापेमारी की कार्रवाई करते हैं और फिर सुविधा शुल्क लेकर पकड़े गए लोगों को चौकी पुलिस चौकी से ही रिहाक कर दिया जाता है। लाखों रुपए की हर रोज हो रही बिजली चोरी का आखिर जिम्मेदार कौन है यह जांच होने के बाद ही पता चलेगा।

## किसान एकता संघ का धरना स्थगित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अनिश्चित कालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा । इस दौरान अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक बाली सिंह ने की और संचालन प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने किया ।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने बताया कि किसानों की पांच सूत्रीय मांगों के लेकर किसान एकता संघ का अनिश्चित कालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा किसानों ने एडीएमएलए को नींद से जगाने के लिए भैस के आगे बीन बजाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर बाद करीब 2:00 बजे एडीएमएलए बलराम सिंह व तहसीलदार सदर डा. अजय कुमार पंचायत में पहुँचे दोनों अधिकारियों ने विस्तृत ढंग से पाँच सूत्रीय मांगो पर चर्चा हुई जो निम्न प्रकार है।

इस मौके पर सोरन प्रधान, बाली सिंह,सतीश कनारसी, वनीश प्रधान, मनीष नागर, विक्रम नागर, जगदीश शर्मा, उम्मेद एडवोकेट, कृष्ण बैसला, राजेन्द्र चौहान, दुर्गेश शर्मा, सतवीर, उमर प्रधान, मोहनपाल, विदेश नागर, छोटे, अखिलेश प्रधान, गुड्डु नागर, प्रेमराज, राहुल बैसला, वसील नागर, पप्पू प्रधान, अमित अवाना, अर्जुन प्रजापति,महेन्द्र, ब्रजेश नागर, आदि हजारों कार्यकर्ता, किसान मौजूद रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा की हुई बैठक



**भदोही ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में जिला कार्यालय ज्ञानपुर में महिला मोर्चा की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वंदना दुबे ने किया संचालन आरती सिंह तथा इस बैठक के मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र की महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्षया नम्रता चौरसिया की उपस्थिति कायम रही तथा विभिन्न विषयों पर महिला मोर्चा बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा किया क्षेत्रीय अध्यक्षया नम्रता चौरसिया ने कहा मोदी की गारंटी पूरे देश में और प्रदेश में चल रही है। जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी तीन प्रदेशों में चुनावत कर आई है। इससे बिल्कुल स्थिति स्पष्ट हो रही है कि जनता का जनाधार भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है और सपा बसपा कांग्रेस मानसिकता के लोग जो विपक्ष कहते हैं आज बिल्कुल धराशाई हो गई है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अंतिम व्यक्ति का जो पात्र है उसकी भी चिंता पार्टी के द्वारा की जा रही है ऐसी स्थिति में किसी भी तरह की हीला हवाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं बर्दाश्त करेगी आने वाले समय में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। जिसमें आप सभी महिला मोर्चा की पदाधिकारी मेहनत कर आगे की रणनीति बनाएंगी आगामी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता कायम करते हुए उसमें अपनी सहभागिता कायम करें।

सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मजबूती से भागीदारी तय कर इस अभियान को चलाकर भारतीय जनता पार्टी के कंधों को मजबूत करना है और फिर से-2024-का चुनाव आप सबके बल परजीत हासिल कर इतिहास रचना है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और कहा आपका मार्गदर्शन महिला मोर्चा को जिस तरह से मिला है।

इस अवसर पर शिवानी बरनवाल प्रीति श्रीवास्तव मुस्कान सोनी अलका सोनी अल्का विश्वकर्मा रेशमा बानो नीलम दुबे सीताबिंद लक्ष्मी बिन्द सविता गौतम स्वरूप बिन्द सुनीता राधा पाठक नीलम दुबे अलका दुबे सरिता गुप्ता आरती सिंह सन्हेलता श्रीवास्तव रीना श्रीवास्तव सरिता गुप्ता पूनम गुप्ता इतियादी बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति तथा भारतीय जनता पार्टी की सम्मानित महिला मोर्चा की टीम उपस्थित रही।

## तीन लोगों ने दी जान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** तनाव लोगों पर इस कदर हावी हो रहा है कि उन्हें अपनी जिंदगी से भी मोह खत्म होता जा रहा है। आए दिन लोग तनाव के चलते अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहे हैं। बीते 24 घंटे के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर नवादा में रहने वाले (50 वर्षीय) भीम यादव को परिजनों ने गंभीर स्थिति में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान भीम यादव ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने बताया कि भीम यादव ने अपने घर में फांसी लगा ली थी। गंभीर स्थिति में उसे फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-8 में रहने वाले (24 वर्षीय) राजा कुमार पुत्र चंदन सिंह ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान बीती रात राजा कुमार की मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया प्रभारी मंत्री का स्वागत



**भदोही( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री दानिश आजाद सिद्दीकी के जनपद का आगमन पर सर्किट हाउस में स्वागत किया। और विभिन्न विषयों पर प्रभारी मंत्री ने वृत्त लिया जनपद में कई कार्यक्रम होने के नाते सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री ने वरिष्ठ जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि के साथ बैठक कर जनपद के विषय को संज्ञान में लिया। विभिन्न समस्याओं पर संगठन के पदाधिकारी ने विषय रखा और अपनी अपनी बारी से क्रमानुसार लोगों ने अपनी बात प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। जिसमें सर्वप्रथम विकसित भारत संकल्प यात्रा पार्टी की प्राथमिकता है जिसमें जिला प्रशासन कहीं न कहीं लापरवाही कर रही है।

जिसके लिए प्रभारी मंत्री से लोग समस्या से अवगत कराया इसी क्रम में जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने प्रभारी मंत्री को हर बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र की सरकार काम कर रही है मैं आपको अस्वस्थ करता हूं आने वाले समय में 2024 का चुनाव बिल्कुल निष्पक्ष होगा और यहां से भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक बार फिर भदोही से सांसद चुनकर दिल्ली के तक्थ को मजबूत किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक दीनानाथ भास्कर पूर्व जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव संतोष पांडेय हौसला प्रसाद पाठक अनिरुद्ध त्रिपाठी नागेंद्र सिंह प्रदीप सिंह सुनील मिश्रा गोवर्धन राय मनीष पांडेय सुरेंद्रनाथ पांडेय संतोष तिवारी अनिल सिंह मुन्ना सत्यसिल गुप्ता अशोक जायसवाल शिवम दुबे आकाश मृत्युंजय राजेंद्र पाल सपना दुबे मनीष अम्बष्ट सुषमा मालवी सौरव मालवीय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेलों में भी अव्वल है नोएडा की बेटियां, काठमांडू में जीता गोल्ड मेडल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा की बेटियां जहां पढ़ाई में अव्वल हैं, वहीं देश-विदेश में भी बेटियां खेल प्रतियोगिता में मैडल जीतकर नोएडा का नाम रोशन कर रही हैं। नेपाल की राजधानी काठमांडू में एशियन बास्केट बॉल प्रतियोगिता में नोएडा के श्याम सिंह स्मारक कन्या विद्यालय की दो छात्राओं ने गोल्ड मेडल जीतकर देश व नोएडा का नाम रोशन किया है।

नोएडा के श्याम सिंह कन्या इंटर कॉलेज में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नेपाल के काठमांडू में आयोजित एशियन बास्केट बॉल प्रतियोगिता में नोएडा के श्याम सिंह स्मारक कन्या विघालय की दो छात्राओं नेहा यादव और सोनिया यादव ने गोल्ड मैडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं स्कूल की ही एक अन्य छात्रा अंशिका ने क्रिकेट प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीता है। सम्मान समारोह में स्कूल के स्पोर्ट टीचर महावीर सिंह को भी सम्मानित किया गया।

छात्राओं के सम्मान में हुए कार्यक्रम में स्कूल के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डीपी यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्राओं को ट्राफी तथा नकद पुरूस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा हमारे समय में इस क्षेत्र में कोई सुविधाएं नहीं थीं। पैदल ही नदी पार कर पढ़ने के लिए जाना पड़ता था, इन्हीं सब समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हमारे पिताजी महाशय तेजपाल यादव ने इस स्कूल की स्थापना की जहां क्षेत्र की बेटियों को पढ़ने व आगे बढ़ने में कोई परेशानी न हो। नोएडा के बसने से पहले ही स्कूल की स्थापना कर दी गई थी, जिस स्कूल की मैं देखरेख करता हूं वह स्कूल आज परीक्षा परिणामों के साथ साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी अव्वल आ रहा है। जो मेरे तथा मेरे क्षेत्र व प्रदेश के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा की क्षेत्र की बेटियों के आगे बढने के रास्ते में जो भी अडचने आएंगी उनके लिए सरकार से मांग के साथ में अपने स्तर पर हमेशा तन मन धन से साथ खडा रहूंगा। इन बच्चियों की जीत में इनके माता पिता तथा स्कूल के अध्यापकों की मेहनत भी लगातार साथ रही है।

उन्होंने कहा सर्फाबाद अकेला गांव है जिसकी एक इंच जमीन भी नोएडा प्राधिकरण ने अधिग्रहित नहीं की। श्री यादव ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्कूल के माध्यम से मेरे माता पिता का सबको शिक्षा का सपना पूरा हो रहा है। इस दौरान कई स्कूलों के अध्यापक ग्रामीण व अन्य सामाजिक लोग मौजूद रहे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

## पुंछ जिले में आर्मी के वाहन पर आतंकी हमला, घात लगाकर बनाया निशाना

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पुंछ के सुरनकोट के तनावपूर्ण क्षेत्र में एक परेशान करने वाली घटना सामने आई जब आतंकवादियों ने डीकेजी के पास सेना के एक वाहन पर घात लगाकर हमला किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अधिकारी विस्तृत जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, बल मौके पर पहुंच गए हैं। इससे पहले 20 अप्रैल को हुई एक घटना में विनाशकारी क्षति हुई थी जिसमें कम से कम 5 भारतीय सैनिकों की जान चली गई थी। इस दुखद क्षति के साथ-साथ, कई अन्य लोग घायल हो गए, क्योंकि हमले में जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के भीतर भिम्बर गली से संगियोट की ओर जा रहे सेना के वाहन को निशाना बनाया गया। जिस इलाके में ऑपरेशन चल रहा है, वह वही इलाका है जहां अक्टूबर 2021 में पुंछ के सुरनकोट के दारा की गली (डीकेजी) इलाके में एक घातक हमले में भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। ऑपरेशन एक महीने से अधिक समय तक चला, जिसमें नौ कार्रवाई में सेना के अधिकारी मारे गए जबकि महीनों के हमले के बाद एक आतंकवादी मारा गया। इससे पहले, क्षेत्र में आतंकवादियों के संदिग्ध समूह की आवाजाही के बाद संयुक्त सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले के ऊपरी इलाकों में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। एसएसपी पुंछ विनय शर्मा सहित जम्मू कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और सेना के अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं।

## भारत में 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए उपयोगी कफ सिरप पर रोक

नई दिल्ली। भारत के दवा नियामक ने चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सर्दी-रोधी दवा संयोजन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर कहा है कि दवाओं को तदनुसार लेबल किया जाना चाहिए। यह कदम कफ सिरप से विश्व स्तर पर करीब 141 बच्चों की मौत के मद्देनजर उठाया गया है। नियामक निकाय ने शिशुओं के लिए एक अस्वीकृत सर्दी-रोधी दवा फॉर्मूलेशन के प्रचार के संबंध में चिंताओं को संबोधित किया, जिससे उस आयु वर्ग के लिए संयोजन का उपयोग करने के खिलाफ चर्चा हुई और बाद में सिफारिश की गई। यह निर्देश 2019 के बाद से भारत में घरेलू स्तर पर उत्पादित विषाक्त कफ सिरप से जुड़ी बच्चों की मौतों की एक श्रृंखला के बाद आया है। इन घटनाओं, जिसमें पिछले साल के मध्य से गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और कैमरून में कम से कम 141 मौतें शामिल हैं। नियामक ने आदेश जारी किया, जिसका सार्वजनिक रूप से खुलासा किया गया, जिसमें दवा निर्माताओं को अपने उत्पादों पर चेतावनी के साथ लेबल लगाना अनिवार्य है, कि फिक्स्ड-ड्रग कॉम्बिनेशन (एफडीसी) का उपयोग 4 साल से कम उम्र के बच्चों में नहीं होना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन पांच साल से कम उम्र के बच्चों में खांसी और सर्दी के लक्षणों के इलाज के लिए ओवर-द-काउंटर खांसी सिरप या दवाओं के उपयोग की अनुशंसा नहीं करता है।

## कर्नाटक में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामले, सिद्धारमैया सरकार सतर्क

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया राज्य में कोरोना मामलों में कथित वृद्धि को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाएंगे। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव और वरिष्ठ अधिकारी भी उभरती स्थिति पर चर्चा के लिए बैठक में शामिल होने वाले हैं। सूत्रों ने बताया है कि राज्य में मामलों की संख्या जल्द ही 100 का आंकड़ा पार करने की आशंका है, राजधानी बेंगलुरु में स्थिति तेजी से चिंताजनक हो रही है, क्योंकि मामले तेजी से फैल रहे हैं। अधिकारियों ने जीनोम अनुक्रमण के लिए और राज्य में जेएन.1 वैरियंट की उपस्थिति की जांच के लिए बेंगलुरु से 17 नमूने भेज दिए हैं। जीनोम अनुक्रमण की प्रक्रिया में 10 से 15 दिन लगने का अनुमान है, और परिणाम पांच दिनों में आने की उम्मीद है। 20 दिनों में, बेंगलुरु में 42 सकारात्मक कोविड मामले सामने आए हैं। इसमें एक सप्ताह के भीतर तीन मौतें दर्ज की गईं। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि सभी को अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। उभरती स्थिति के कारण अधिकारियों के बीच चिंताएं बढ़ रही हैं, खासकर आगामी नए साल और क्रिसमस समारोहों के साथ। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि कुल सक्रिय रोगियों की संख्या 92 है। इसमें से 72 लोग घर पर आइसोलेशन में हैं, जबकि 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। सात का इलाज आईसीयू में चल रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा, रिपोर्ट की गई सकारात्मकता दर 2.47 प्रतिशत है और मामले की मृत्यु दर 10 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में लिए 808 कोविड परीक्षण किए गए, जिसमें से 407 आरटीपीसीआर और 401 आरएटी परीक्षण थे।

# आतंकवाद के लिए हो रहा पैसों का इस्तेमाल...

# यूपी के बाद महाराष्ट्र में हलाल प्रोडक्ट्स पर बैन की मांग




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नितेश राणे ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में 'हलाल-प्रमाणित' उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध की तरह, महाराष्ट्र में भी हलाल-प्रमाणित भोजन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। बीजेपी नेता ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेट के लिए इकट्ठा किया गया पैसा आतंकवाद के लिए इस्तेमाल किया गया। हलाल, जिहाद, लव जिहाद बड़ी चिंताएं हैं। भाजपा नेता नितेश राणे ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेट के नाम पर जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल आतंकवाद में किया जाता है। इसका इस्तेमाल हिंदू धर्म के खिलाफ किया जाता है। हमारे पास इससे जुड़े सारे सबूत हैं। जिस तरह उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट पर रोक लगाई है, उसी तरह महाराष्ट्र में भी इस पर रोक लगनी चाहिए। मैं इसके बारे में बात करूंगा।

उन्होंने कहा कि दो कंपनियां हैं जो हलाल सर्टिफिकेट देती हैं और वे भी महाराष्ट्र से हैं। दोनों कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। मैं इस संबंध में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखने जा रहा हूं। उत्तर प्रदेश सरकार ने 18 नवंबर को राज्य में हलाल प्रमाणीकरण वाले भोजन, दवाओं और कॉस्मेटिक वस्तुओं के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंध सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में और भ्रम को रोकने के लिए लगाया गया है। उत्तर प्रदेश खाद्य आयुक्त के आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में, उत्तर प्रदेश में हलाल-प्रमाणित खाद्य पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाता है। हलाल प्रमाणीकरण यह सुनिश्चित करता है कि उत्पाद और सेवाएँ इस्लामी कानून का अनुपालन करें। आयुक्त के आदेश में कहा गया है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तय करने का अधिकार केवल खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत उल्लिखित अधिकारियों के पास है।

## ईडी के नोटिस पर केजरीवाल ने कहा मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नोटिस को गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा है कि मेरे पास छिपाने लिए कुछ नहीं है। आप सूत्रों के हवाले से मीडिया में आ रहीं खबरों के मुताबिक केजरीवाल को ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र के लिए चले गए। सूत्रों ने मुख्यमंत्री के जवाब का हवाला देते हुए कहा, ''केजरीवाल ने ताजा समन को राजनीति से प्रेरित और गैर कानूनी बताया है। अपने जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से गुजारा है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी कानूनी समन को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। केजरीवाल को मंगलवार को विपश्यना सत्र के लिए रवाना होना था, लेकिन विपक्षी गुट 'इंडिया की बैठक में व्यस्त होने के कारण वह ऐसा नहीं कर सके। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा था, ''हर कोई जानता है कि मुख्यमंत्री 19 दिसंबर को विपश्यना के लिए जा रहे हैं। वह नियमित रूप से इस ध्यान सत्र के लिए जाते हैं। यह एक पूर्व निर्धारित और पूर्व घोषित कार्यक्रम है। ईडी ने इससे पहले केजरीवाल को दो नवंबर को समन भेजा था, लेकिन नोटिस को गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित बताते हुए वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे।

# इंडिया की बैठक में खरगे के नाम पर चर्चा पर भड़की जेडीयू, बुलाई आपात बैठक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर उछला। इसके बाद सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा शुरु हो गई कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हो गए हैं। उन्होंने दिल्ली में अपनी पार्टी के सभी सांसदों से मुलाकात की। साथ ही 29 दिसंबर को दिल्ली में ही पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने का फैसला किया। हालांकि जेडीयू के लिए यह तारीख पहले से ही तय था। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने वाली है। हालांकि, इंडिया की बैठक के बाद जेडीयू ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने का फैसला किया, जिसमें पार्टी के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अफाक अहमद ने इसकी पुष्टि की है कि दोनों बैठकें एक ही दिन होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि अल्प सूचना पर परिषद की बैठक बुलाने का क्या कारण है।

जेडीयू के वरिष्ठ नेता ने यह स्वीकार किया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर पार्टी के भीतर बेचैनी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ ही उसी दिन राष्ट्रीय परिषद बुलाने का निर्णय असामान्य है। अक्सप प्रमुख राजनीतिक निर्णय लेने के लिए यह बैठक बुलाई जाती है। जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा, यह निश्चित रूप से भविष्य में कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों का संकेत है। राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने के फैसले ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। बता दें कि इंडिया गठबंधन की मंगलवार की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में खड़गे के नाम की वकालत की। इस सुझाव का दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी समर्थन किया। जेडीयू के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कल्याण मंत्री मदन साहनी ने भी गठबंधन में नीतीश कुमार की भूमिका के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन में किसी को भी नीतीश कुमार को हल्के में नहीं लेना चाहिए या उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जदयू इसे स्वीकार नहीं करेगा। अगर इंडिया गछबंधन में कोई यह सोचता है कि नीतीश कुमार की भूमिका सिर्फ गठबंधन में रहना है तो यह लंबे समय तक नहीं चलेगा। उनकी भूमिका पहले भी महत्वपूर्ण थी, आज भी महत्वपूर्ण है और भविष्य में भी महत्वपूर्ण रहेगी। नीतीश कुमार ने हालांकि अभी तक बैठक पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन वह मंगलवार को जल्दी ही बैठक छोड़कर चले गए। बाद में जेडीयू अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेताओं सोनिया और राहुल गांधी से इजाजत लेकर बैठक से निकले थे।

### जेडीयू के लिए नीतीश उम्मीदवार

खड़गे भले ही यह कह रहे हों कि पीएम के नाम का फैसला चुनाव के बाद किया जाएगा, लेकिन ममता बनर्जी द्वारा उनके नाम का प्रस्ताव आगे बढ़ाने से इंडिया गठबंधन में घमासान मच गया है। जेडीयू के नेता लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संभावित पीएम उम्मीदवार के रूप में पेश करते रहे हैं। उनका तर्क है कि उनके पास विपक्षी गुट का नेतृत्व करने की योग्यता है।

## रोड एक्सीडेंट करके भागने वालों को अब होगी 10 साल की जेल

### -केन्द्र की मोदी सरकार ने नए कानून के तहत किया सजा का प्रावधान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्र की मोदी सरकार ने रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाने वालों को लंबी सजा का प्रावधान किया है। वहीं यदि घायल को अस्पताल पहुंचा दिया तो कुछ राहत भी मिल सकती है। दरअसल मोदी सरकार ने रोड एक्सीडेंट करके भाग जाने वाले लोगों के लिए एक सख्त कानून बनाया है, जो जल्द ही लागू होने वाला है। अब रोड एक्सीडेंट करके भाग नहीं सकते हैं, ऐसा करने पर आपको सख्त सजा हो सकती है, क्योंकि इससे जुड़ा कानून लोकसभा से पास हो गया है। दरअसल, नए कानून के मुताबिक रोड पर एक्सीडेंट करके भागने पर 10 साल की सजा होगी। हालांकि नए कानून में कुछ राहत के भी प्रावधान हैं। दरअसल, रोड एक्सीडेंट जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है और नए कानून के तहत अगर कोई शख्स रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है तो उसे 10 साल की सजा होगी। वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को इस नए कानून की जानकारी लोकसभा में दी है।

गौरतलब है कि पहले आईपीसी की धारा 104 के तहत सड़क दुर्घटना के दौरान लापरवाही से मौत या फिर जल्दबाजी या लापरवाही से हुई मौत के अपराध में पहले 2 साल की कैद या जुर्माना या फिर दोनों का प्रावधान था। अब नए कानून को लोकसभा से मंजूरी मिल गई है और अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा, जिसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी से यह कानून बन जाएगा। लोकसभा ने औपिनवेशिक काल से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर सरकार द्वारा लाए गए विधेयकों को बुधवार को मंजूरी दे दी। सदन ने लंबी चर्चा और गृहमंत्री अमित शाह के विस्तृत जवाब के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को ध्वनमित से अपनी स्वीकृति दी। ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान की जगह पर लाये गए हैं।

# पृष्ठ एक के शेष....

**कोरोना पकड़...**

के मामले सामने आ रहे हैं। एनसीआर के गाजियाबाद में फिर एक नया मरीज मिला है। नोएडा में भी एक मरीज मिलने से टेंशन बढ़ गई है। यूपी के ही लखनऊ में भी कोरोना संक्रमित मरीज पाया गया है। बिहार के पटना में दो नए मरीज मिले हैं. इन सभी मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री है। सरकार से लेकर प्रशासन तक अलर्ट है और लोगों को मास्क पहनने और भीड़-भाड़ इलाके में जाने से बचने की सलाह दे रहा है।

बता दें कि इससे पहले केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और गोवा में नए सब-वैरिएंट के कोविड मामले सामने आए हैं. गोवा में कोरोना के सैंपलों में सब-वैरिएंट जेएन-1 पाया गया है।

**जनपद दीवानी में...**

एडवोकेट अलबेल भाटी व एडवोकेट उमेश कुमार भाटी मैदान में है। सचिव पद के लिए धीरेंद्र भाटी, अजीत नागर, रजत शर्मा व उधम सिंह तोंगड़ चुनाव लड़ रहे हैं।

**दबंगों ने महिलाओं...**

से मारने की धमकी देते हो फरार हो गए। जाहिद अली ने बताया कि पड़ोसी रफाकत व उसके परिजन अपने कार को उनके घर के सामने रास्ते में खड़ी कर देते हैं। कार हटाने की बात कहने पर आरोपी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। थाना प्रभारी जारचा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**सांसदों के निलंबन...**

पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की। सपा नोएडा महानगर के महासचिव विकास यादव ने कहा कि मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा के 95 और राज्यसभा के 46 सांसदों को सिर्फ इस बात के लिए निलंबित कर दिया गया कि वह संसद में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में गृहमंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे। सांसदों को जवाब देने के बजाय उन्हें निलंबित कर वर्तमान सरकार ने लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष मुक्त संसद चाहती है ताकि अहम बिलों को मनमाने ढंग से पारित कर सके। वर्तमान सरकार संविधान में विश्वास नहीं रखती है और लगातार लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। उन्होंने निलंबित सांसदों का निलंबन तुरंत वापस लिये जाने की मांग की।

इस मौके पर सपा नेता सुनील चौधरी, डा. आश्रय गुप्ता, मोहम्मद नौशाद, टीटू यादव, नेहा पांडे, गौरव, लोकपाल यादव, प्रेम सिंह, तनवीर, बबलू चौहान, नितिन वाल्मीकि, इंद्रजीत, वीर बहादुर, दीपक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**नशीला पदार्थ...**

शिकायत में बताया कि वह ई रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। बीते दिनों वह चार मूर्ति गोल चक्कर पर सवारी के इंतजार में खड़ा हुआ था। इस दौरान दो युवक उसके पास आए और उसे इटेडा गोल चक्कर जाने के लिए कहा। सावेरी गांव के पास दोनों युवकों ने चाय की दुकान पर ई-रिक्शा रुकवा लिया और उसे चाय पीने के लिए दी। चाय पीने के बाद वह उसे पृथला की तरफ ले गए। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया। होश आने पर पता चला कि वह पृथला गांव के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ है और उसका ई-रिक्शा गायब है। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

**दो किशोरियों का...**

परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है।

वहीं थाना फेस वन में राकेश (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने परिवार के सहित हरौला गांव में किराए पर रह रहा है। उसकी बेटी को पड़ोस में रहने वाला रवि नाम का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रवि के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है और दोनों की तलाश कर रही है।

**मुख्यमंत्री के सामने उठाई...**

संगठन 2 वर्षों से नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विरूद्ध आंदोलन कर रहे हैं। अभी भी नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर किसान अपनी मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर बैठे हैं। लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी उनकी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। अब इस मसले पर भाजपा महानगर अध्यक्ष द्वारा प्रयास करने के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्दी ही किसानों की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

**किसान सम्मान दिवस...**

प्रथम पुरस्कार, उद्यान-संरक्षित खेती प्रथम पुरस्कार और औद्यानिकी फसल प्रथम पुरस्कार से किसानों को पुरस्कृत किया जायेगा।

इस अवसर पर कृषि उद्यमी, कृषि वैज्ञानिक, पराली प्रबन्धन से सम्बन्धित अधिकारीगण को सम्मानित भी किया जायेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के , कृषि मंत्री, कृषि राज्य मंत्री के साथ साथ कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन और राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता मौजूद रहेंगे।

**'वतन की सरहद को...**

उनसे प्रेरणा लेकर हमारे सैनिक देश के लिए जिंदगी न्यौछावर करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इन्हीं सैनिकों पर देश को फख्र है कि वतन की सरहद को कोई छू भी नहीं सकता है। देश की ऑन बान तथा शान पर हमारे सैनिक कभी ऑच नहीं आने देंगे। ऐसे वीर सैनिकों को शत-शत नमन है। इसके पश्चात लेफ्टिनेंट जनरल सी बंसी पोनप्पा ने 'ग्लिम्पसेज-2023' सोविनियर लांच किया। उन्होंने 42 शहीद परिवारों को इस मौके पर सम्मानित किया तथा उन्हें उपहार भेंट किये।

इस अवसर पर शहीद स्मारक संस्थान के चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल (रिटा.) जी.एल. बख्शी, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन बख्शी, लेफ्टिनेंट जनरल एस.के. सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार, (रिटा.) एडमिरल आईएस ग्रेवाल, एवीएम एस.के. मेहरा, पुलिस आयुक्त, अरूण विहार तथा जलवायु बिहार संस्थानों के अध्यक्ष, एपीएस, कैम्ब्रिज स्कूल तथा खेतान स्कूल की प्रिंसिपल व छात्रों के अलावा कई सैन्य अधिकारी व उनके परिवारीजान मौजूद थे।

# टेक महिंद्रा कंपनी के अधिकारी ने उद्यमी को ठगा

**नोएडा (चेतना मंच)।** टेक महिंद्रा कंपनी के एक अधिकारी ने उद्यमी को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। पीड़ित उद्यमी ने थाना फेस 3 में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-64 निवासी सूर्य प्रताप सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी पहचान सेक्टर-64 स्थित टेक महिंद्रा कंपनी में काम करने वाले परिस सिंह पुत्र प्रमोद सिंह निवासी नई दिल्ली से कुछ दिनों पूर्व हुई थी परिस सिंह ने बताया कि वह टेक महिंद्रा कंपनी में उच्च पद पर है और उसकी कंपनी के उच्च अधिकारी सुमित चड्ढा से अच्छी जान पहचान है। परिस सिंह ने उसे कंपनी के साथ व्यापार करने का ऑफर दिया। इसकी एवज में उसने उससे लाखों रुपए ले लिए। पैसे लेने के बाद उसने जब परिस सिंह से व्यापार के बारे में बात की तो वह तथा सुमित चड्ढा उसके साथ गाली गलौज करने लगे। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उद्यमी सूर्य प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी उसकी कंपनी को बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं।

# एसीईओ ने ग्रेनो वेस्ट में कॉमन ग्राउंड की जगह तलाशने के दिए निर्देश

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बृहस्पतिवार को प्राधिकरण के ग्रेनो वेस्ट स्थित दफ्तर में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण किया। जनसुनवाई के दौरान रोजा जलालपुर के निवासी भी एसीईओ से मिले। गांव में पानी के निकासी के लिए ड्रेन के निर्माण कराने की मांग की। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने परियोजना विभाग से इस समस्या को प्राथमिकता पर हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में मौजूद परियोजना विभाग की टीम से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए कॉमन ग्राउंड की जगह तलाशने के निर्देश दिए। प्राधिकरण इसे विकसित करेगा, ताकि रामलीला व अन्य धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आयोजन हो सकें। उन्होंने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ही एक अंतिम निवास की जगह भी तलाशने को कहा है। जनसुनवाई के दौरान महाप्रबंधक आरके देव, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम, प्रबंधक गौरव बघेल, प्रबंधक प्रशांत समाधिया आदि मौजूद रहे।




# महिला समेत पांच गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** मादक पदार्थ बेचने व हथियार रखने के आरोप में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से इसमें गांजा, तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद हुए हैं। थाना फेस-1 प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर झुंडपुरा चौकी क्षेत्र से मुस्कान को गिरफ्तार किया। मुस्कान के पास से 18 पुड़िया स्मैक की बरामद हुई। पूछताछ में मुस्कान ने बताया कि वह काफी समय से मादक पदार्थ की बिक्री में संलिप्त है। महिला पूर्व में भी मादक पदार्थ की बिक्री के आरोप में जेल जा चुकी है। थाना सेक्टर-63 प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर अश्वनी व आयुष को सवा दो किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। इनके अलावा सेक्टर-63 से मोबिन को तमंचे कारतूस तथा भूपेश को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# सफाईकर्मियों से मारपीट करने वाले नपे

**नोएडा (चेतना मंच)।** पैसों के लेनदेन तथा बोनस के विवाद में सफाई कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले ठेकेदार व प्राधिकरण के सुपरवाइजर सहित तीन लोगों के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने तथा एससी एसटी/एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सदरपुर छलेरा निवासी मोनिका ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई शोभित सफाई कर्मी है। बीते 14 दिसंबर को उसके भाई शोभित को नोएडा प्राधिकरण के सीनियर सुपरवाइजर अक्षय राठी ने फोन कर सदरपुर गांव के बारात घर में बुलाया। बारात घर में पहुंचने पर शोभित के साथ अक्षय राठी, वासु त्यागी और सुपरवाइजर सोनू के साथ मिलकर मारपीट की। इस दौरान वह तथा उसके पति योगेश मौके पर पहुंच गए और उन्होंने बीच बचाव किया। बीच बचाव करने के दौरान आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जातिसूचक शब्द कहे। मोनिका ने बताया कि सीनियर सुपरवाइजर अक्षय राठी ने उसके छोटे भाई शक्ति का दीपावली का बोनस रोक रखा है। कई बार अक्षय राठी से बोनस के पैसे मांगे गए लेकिन उसने पैसे नहीं दिए। मोनिका का आरोप है कि सीनियर सुपरवाइजर से पैसों का भी लेनदेन है जिसको लेकर भी विवाद था।

# 15 दिन पहले खरीदा आई फोन लूटा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के स्टर्लिंग माल के पास बदमाशों ने एक युवक से आई फोन मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। पीड़ित युवक ने 15 दिन पूर्व भी फोन खरीदा था। सनवर्ल्ड वनालिका सोसायटी निवासी आकाशदीप ने बताया कि वह बीते दिनों सेक्टर-104 में स्टर्लिंग माल के पास पैदल जा रहा था। इस दौरान वह अपने एक परिचित से मोबाइल फोन पर बात कर रहा था पीछे से बाइक पर आए दो युवक उसके मोबाइल फोन को लूट कर फरार हो गए। उसने शोर मचाकर बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े।

महिला क्रिकेट

# इंग्लैंड सीरीज को टीम इंडिया का ऐलान



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड सीरीज के लिए बीसीसीआई ने विमेंस टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज रेणका ठाकुर ने इंजरी के बाद वापसी की है। जेमिमा रोड्रिग्ज को टेस्ट टीम में जगह मिली। दोनों टेस्ट डेब्यू कर सकती हैं। वहीं 21 साल की स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर श्रेयांका पाटील और 28 साल की लेफ्ट आर्म स्पिनर साइका इशाक को भी टीम में जगह मिली है। वे टी-20 सीरीज में अपना हुनर दिखाएंगी। टेस्ट और टी-20 दोनों टीमों की कप्तानी हरमनप्रीत कौर ही करेंगी। सीरीज 6 दिसंबर से शुरू होगी। इंग्लैंड के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के लिए भी भारत की टीम चुनी गई है।

**हरमप्रीत कौर के नेतृत्व में खेलेंगी श्रेयांका-साइका**

### ▶▶ डब्लूपीएल में चमकी थीं इशाक-श्रेयांका

ऑफ स्पिन ऑलराउंडर श्रेयांका पाटील इसी साल विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) में चमकी थीं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलते हुए 6 विकेट लिए थे। यहां से उन्हें वेस्टइंडीज के फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट कैरेबियन प्रीमियर लीग में भी खेलने का मौका मिला था। वह पिछले दिनों इंग्लैंड-ए के खिलाफ भी इंडिया-ए से खेली थीं। लेफ्ट आर्म स्पिनर साइका इशाक ने मुंबई इंडियंस से खेलते हुए वीपीएल में प्रभावित किया था। वह टूर्नामेंट की टॉप विकेट टेकर बॉलर्स में 15 विकेट के साथ चौथे नंबर पर रही थीं। इशाक और श्रेयांका के शामिल होने से राजेश्वरी गायकवाड और देविका वैद्य को मौका नहीं मिल सका। टी-20 टीम में इशाक और श्रेयांका के साथ अनुभवी दीप्ति शर्मा और लेग स्पिनर मन्नत कश्यप के रूप में 4 स्पिनर्स हैं। आरसीबी से ही खेलने वालीं कनिका आहूजा को भी टीम में जगह मिली है।

### ▶▶ 6 दिसंबर से सीरीज की शुरुआत

इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया को एक टेस्ट और तीन टी-20 की सीरीज खेलनी है। 6, 9 और 10 दिसंबर को 3 टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। वहीं 14 से 17 दिसंबर के बीच 4 दिवसीय टेस्ट मैच होगा। सभी मुकाबले मुंबई में होंगे। तीनों टी-20 मुकाबले वानखेड़े स्टेडियम में होंगे, वहीं टेस्ट मैच डीवाई पाटील स्टेडियम में खेला जाएगा। 2024 का विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप सितंबर और अक्टूबर के दौरान बांग्लादेश में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने अब तक टूर्नामेंट नहीं जीता है, इसे देखते हुए बीसीसीआई का फोकस युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को मिक्स कर मजबूत टीम बनाने पर है। इंग्लैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले खेलना है।

### ▶▶ घरेलू मैदान पर 9 साल बाद टेस्ट खेलेगी टीम

विमेंस टीम इंडिया अपने घरेलू मैदान पर 9 साल बाद टेस्ट खेलने उतरेगी। टीम ने नवंबर 2014 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेला था, इसमें टीम इंडिया को पारी और 34 रन से जीत मिली थी। 2014 के बाद टीम ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विदेश में भी एक-एक ही टेस्ट खेला। भारत की टेस्ट टीम में 20 साल में पहली बार मिताली राज और झूलन गोस्वामी शामिल नहीं रहेंगी। इसके साथ ही हरमनप्रीत कौर पहली बार टेस्ट में टीम इंडिया की कमान संभालेंगी। उन्होंने अब तक वनडे और टी-20 में ही विमेंस टीम को लीड किया है।

## इंडिया विमेंस टीम...

**टी-20 स्क्वॉडः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्ज, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटील, मन्नत कश्यप, साइका इशाक, रेणुका सिंह, तितास साधू, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मिन्नु मणि।

**इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के लिए भारत का स्क्वॉडः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्ज, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देओल, साइका इशाक, रेणुका सिंह, तितास साधू, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड और पूजा वस्त्राकर।

# भारत ने सर्वाधिक टी-20 जीतने का रचा इतिहास

- ऑस्ट्रेलिया को मात देकर सीरीज पर जमाया कब्जा
- भारत ने 136वां टी-20 जीता



**नई दिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चौथे टी-20 में 20 रन से हराया है। इसी के साथ टीम ने सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। भारत ने 136वां टी-20 जीता। इसके साथ टीम ने पाक को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 135 टी-20 जीत हैं। रायपुर में चौथा टी-20 जीतने के साथ टीम इंडिया ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़ बना ली। पांचवां और आखिरी टी-20 तीन दिसंबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

### लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम

रायपुर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 174 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 154 रन ही बना सकी। 175 रन का टारगेट चेज करने उतरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर्स ने तेज शुरुआत की। जोश फिलिप और ट्रैविस हेड की जोड़ी ने पहले ओवर से 7 रन लेने के बाद मुकेश कुमार के पहले ओवर में 11 रन लिए। इन दोनों ने दीपक चाहर के दूसरे और पारी के तीसरे ओवर में 22 रन बना डाले। 3 ओवर में कंगारू टीम का स्कोर बिना नुकसान के 40 रन था।

### मिडिल ओवर्स में ऑस्ट्रेलिया पस्त

पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 7वें ही ओवर में आरोन हार्डी का विकेट भी गंवा दिया। टीम 7 से 16 ओवर के बीच 70 रन ही बना सकी। इन 10 ओवरों में ऑस्ट्रेलिया ने हार्डी, बेन मैक्डरमॉट और टिम डेविड के अहम विकेट भी गंवाए। अक्षर पटेल ने 16 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं रवि बिश्नोई ने अपने 4 ओवर के स्पेल में महज 17 रन देकर एक विकेट झटक लिया।

### डेथ ओवर्स में बिखरी कंगारू टीम

भारतीय गेंदबाजी पारी में चौथा ओवर लेकर आए रवि बिश्नोई ने अपनी पहली ही बॉल पर सफलता दिलाई और जोश फिलिप्स को चलता किया। अगले ही ओवर में अक्षर पटेल ने ट्रैविस हेड को मुकेश कुमार के हाथों कैच कराया। पावरप्ले के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 52/2 रहा। वहीं डेथ ओवर्स में ऑस्ट्रेलिया 30 रन ही बना सका और 20 रन से मुकाबला हार गया। डेथ ओवर्स में दीपक चाहर और आवेश खान को एक-एक सफलता मिली। इनके साथ मुकेश कुमार ने भी आखिरी ओवरों में किफायती गेंदबाजी की और टीम इंडिया की जीत पर मुहर लगाई।

# जुनैद ने की कोहली की तारीफ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज जुनैद खान ने विराट कोहली के साथ अपनी पुरानी प्रतिद्वंदिता का खुलासा एक पॉडकास्ट शो में किया है। जुनैद ने एक पाकिस्तानी पॉडकास्ट शो में बताया है कि साल 2013 में उन्होंने कोहली को तीन बार आउट किया था, लेकिन उस सीरीज के दौरान उन दोनों के बीच एक घटना हुई थी, जिसका जिक्र गेंदबाज ने किया है। जुनैद ने बताया कि 2013 में जब हम भारत में खेलने गए थे तो कोहली को मैंने पहली बार आउट किया था तो उन्होंने मुझे एक वॉर्निंग दी थी कि अगले मैच में ऐसा नहीं होगा और तुम्हारी खैर नहीं, लेकिन मैंने कोहली को अगले में और उससे अगले मैच में भी आउट किया था। जुनैद खान ने कहा कि करियर में मैंने डंडे तो बहुतों के उड़ाए हैं, लेकिन कोहली का विकेट यादगार है। साथ ही जुनैद ने कहा कोहली एक वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं।

# पहली बार घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट जीता बांग्लादेश

**सिलहट।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला बांग्लादेश ने 150 रन से जीता। यह बांग्लादेश का अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट में न्यूजीलैंड पर पहली जीत है। दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला सिलहट में खेला गया। बांग्लादेशी टीम पिछले 24 महीने में दूसरी बार न्यूजीलैंड से टेस्ट मुकाबला जीतने में सफल हुई है। इससे पहले बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को पिछले साल के शुरुआत में उसके घर में 8 विकेट से हराया था। दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी। बांग्लादेश को जीत के लिए आखिरी दिन 3 विकेट की जरूरत थी। तजामुल इस्लाम ने दो विकेट लिए। बांग्लादेश को पांचवे दिन पहली सफलता नईम इस्लाम ने डेरियल मिचेल को तजामुल इस्लाम को कैच आउट कराकर दिलाई।

# भारत-द.अफ्रीका सीरीज से पहले शमी चोटिल



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बुरी खबर सामने आई है। दरअसल, भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी मुकाबले से पहले चोट से परेशान हैं, इसका असर टीम पर पड़ सकता है। क्योंकि भारत को साउथ अफ्रीका के साथ टी20, वनडे और टेस्ट सीरीज खेलना है। टेस्ट सीरीज में शमी का चयन हुआ है और अब जब वो चोटिल हो गए हैं तो ये भारतीय टीम को बड़ा झटका है। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से परेशान हैं। वह अपने टखने की चोट से परेशान हो रहे हैं, इलाज के लिए मुंबई गए हैं। शमी मुंबई में स्पोर्ट्स ऑर्थोपेडिक से सलाह भी ले रहे हैं। इसके बाद वह रिहैब और चोट के इलाज के लिए एनसीए जाएंगे। हालांकि टीम सेलेक्टर्स को उम्मीद है कि शमी 26 दिसंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे टेस्ट सीरीज से पहले ठीक हो जाएंगे। भारतीय फैंस भी यही उम्मीद कर रहे होंगे कि किसी भी तरह शमी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले ठीक हो जाएं।

# बृजभूषण के करीबी संजय सिंह बने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नये अध्यक्ष बने हैं। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में अनीता श्योराण को हराया।

बृज भूषण शरण सिंह के करीबी संजय डब्ल्यूएफआई की पिछली कार्यकारी परिषद में भी शामिल थे। वह 2019 से राष्ट्रीय महासंघ के संयुक्त सचिव भी रहे थे। दूसरी ओर स्वर्ण विजेता रही महिला पहलवान श्योराण पहलवानों के प्रतिनिधि के रुप में उतरी थीं। उन्होंने बृजभूषण पर महिला पहलवानों के शोषण और यौन उत्पीड़न का भी आरोप सबसे पहले लगाया था। इसी मामले को लेकर ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित कई पहलवानों ने बृजभूषण को हटाये जाने ओर गिरफ्तार करने की मांग करते हुए धरना भी दिया था। अब बृजभूषण के करीबी के अध्यक्ष



बनने से पहलवानों की मुश्किलें बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है।

वहीं बृजभूषण ने पहले ही संजय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष का चुनाव जीतने की उम्मीद जतायी थी। उन्होंने कहा, 'आज 11 महीने बाद चुनाव हो रहे हैं। जहां तक संजय का सवाल है तो उन्हें पुराने महासंघ का प्रतिनिधि माना जा सकता है। इसलिए उनका चुनाव जीतना तय है। साथ ही कहा कि अब मैं उनसे जल्द से जल्द खेल के अनुकूल माहौल बनाने और इस दौरान खिलाड़ियों को हुए नुकसान की भरपाई करने की अपील करता हूं। बृजभूषण ने कहा कि इस चुनाव में उनके परिवार का कोई सदस्य शामिल नहीं था।

### साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लिया

नई दिल्ली ।ओलंपिक कांस्य पदक विजेता महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया है।साक्षी ने रोते हुए इस बात की घोषणा की।साक्षी ने अचानक ही ये फैसला ब्रजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष बनने ही ले लिया और खेल को अलविदा कह दिया।साक्षी ने कहा, 'मैं एक बात कहना चाहती हूं कि बृजभूषण जैसे आदमी का साथी अगर अध्यक्ष बनता है तो मैं कुश्ती महासंघ में नहीं रह सकती।साथ ही कहा कि मैं आज के बाद कभी भी वहां नहीं आउंगी। सभी देशवासियों का आभार जिन्होंने आज तक मेरा समर्थन कर मुझे इस स्तर तक पहुंचाया।' गौरतब है कि संजय सिंह को पूर्व कुश्ती महासंघ बृजभूषण शरण सिंह का करीबी माना जाता है। वहीं इससे पहले महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न और शोषण के आरोप लगाये थे। इसके बाद साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया आदि पहलवानों ने जंतर-मंतर



पर धरना प्रदर्शन भी किया था।इन पहलवानों ने ब्रजभूषण की गिरफ्तारी की मांग की थी।इसके बाद ब्रजभूषण को पद से हटा दिया गया था।अदालत के हस्तक्षेप के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव हुए।इसमें संजय को मिली जीत से विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को निराश हुई। उसी के बाद साक्षी को ये फैसला आया है।

# आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे सूर्यकुमार



**दुबई (एजेंसी)।** भारत के सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी-20 बल्लेबाजी रैंकिग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं। वहीं गेंदबाजी में इंग्लैंड के लेगस्पिनर आदिल राशिद नंबर एक पर पहुंच गये हैं।

वेस्ट इंडीज में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले चार टी-20 मैचों में सात विकेट लेने के बाद राशिद अफगानिस्तान के राशिद खान और भारत के रवि बिश्नोई को पीछे छोड़कर नंबर एक पर पहुंच गये। भारत के सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका में दूसरे और तीसरे टी-20 में अर्धशतक और शतक बनाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया है।

एकदिवसीय की बात करें तो पाकिस्तान के बाबर आजम 824 अंकों के साथ फिर से शीर्ष एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं जबकि भारत के शुभमन गिल दूसरे स्थान पर हैं।

इसके अलावा टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और गेंदबाजी में भारत के आर अश्विन शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा तीन पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पैट कमिंस एक स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। नाथन लियोन पांचवें, मिशेल स्टाक 'आठवें और जोश हेजलवुड दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# डोपिंग नियमों का उल्लंघन पड़ा भारी, जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दो खिलाड़ियों को निलंबित किया

**हरारे (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने पर ऑलराउंडर वेस्ली मधेवीरे, ब्रैंडन मावुता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इन दोनों खिलाड़ियों को हाल ही में एक इन-



हाउस डोप टेस्ट के दौरान प्रतिबंधित दवा का सेवन करने पर परीक्षण सकारात्मक मिलने पर सुनवाई होने तक सभी क्रिकेट गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता के तहत मधेवीरे और मावुता पर आरोप लगाए गए हैं और जल्द ही अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए उपस्थित होंगे जो संभवतः उनके निलंबन की अवधि तय करेगा। मधेवीरे और मावुता दोनों जिम्बाब्वे टीम का हिस्सा थे उन्होंने पिछले सप्ताह घरेलू श्रृंखला में आयरलैंड के खिलाफ मैच खेला था। मधेवीरे ने तीनों टी-20 मैच खेले जबकि मावुता ने सिर्फ तीसरा टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच खेले। मावुता ने वर्ष 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अब तक चार टेस्ट, 12 एकदिवसीय और 10 टी-20 खेले हैं, जबकि 2020 में पहली बार जिम्बाब्वे का प्रतिनिधत्व करने वाले मधेवीरे ने दो टेस्ट, 36 एकदिवसीय और 60 टी-20 खेले हैं। उल्लेखनीय है कि मधेवीरे और मावुता का निलंबन जिम्बाब्वे के मुख्य कोच डेव हॉटन के अपने पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद हुआ है।

भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को छूटा पसीना

# पूजा और स्नेह की धारदार गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलियाई टीम 219 रन पर सिमटी

**मुंबई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने गुरुवार को यहां एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पिच से मिल रही असमान उछाल का पूरा फायदा उठाया जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 219 रन पर ढेर कर दिया। भारत ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना (49 गेंद में नाबाद 43, आठ चौके) और शेफाली वर्मा (59 गेंद में 40 रन, आठ चौके) ने पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत अब ऑस्ट्रेलिया से 121 रन पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। दिन के खेल के दौरान भारत के दबदबे की शुरुआत पूजा (53 रन पर चार विकेट) ने की जिन्होंने स्नेह (56 रन पर तीन विकेट) और दीप्ति शर्मा (45 रन पर दो विकेट) के साथ मिलकर ताहलिया मैकग्रा (50 रन, 56 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी में 77. 4 ओवर में समेट दिया।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ओवर में ही सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड (00) का विकेट गंवा दिया जो बेथ मूनी के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हुईं। चार गेंद बाद पूजा की शानदार गेंद पर एलिस पैरी (04) बोल्ड हो गईं जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो ओवर में सात रन पर दो विकेट हो गया। ताहलिया ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर अपनाकर भारत को दबाव में डालने की कोशिश की। उन्होंने अपने पांचवें टेस्ट में आठ चौकों की मदद से तीसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 24 और 45 रन के निजी स्कोर पर दो जीवनदान भी मिले। मूनी के साथ तीसरे विकेट की 80 रन की साझेदारी के दौरान अधिकांश रन ताहलिया के बल्ले से निकले और वह बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहीं थी। ऑस्ट्रेलिया की उप कप्तान हालांकि अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद स्नेह की गेंद पर मिड विकेट पर राजेश्वरी गायकवाड़ को कैच दे बैठीं। भारत के तेज गेंदबाजी और स्पिन मिश्रित आक्रमण के खिलाफ जूझने के बावजूद मूनी क्रीज पर डटी रहीं। पूजा ने हालांकि उछाल लेती गेंद पर इस सलामी बल्लेबाज को हैरान करते हुए उन्हें पहली स्लिप में स्नेह के हाथों कैच कराया। मूनी के बल्ले का किनारा लेने के बाद गेंद विकेटकीपर यस्तिका भाटिया के ग्लव्स से टकराकर स्नेह के पास पहुंची थी। लंच तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 103 रन था। कप्तान एलिसा हीली (38) और अनाबेल सदरलैंड (16) ने 40 रन की साझेदारी के दौरान अच्छे फुटवर्क का नजारा पेश किया लेकिन एलिसा दीप्ति की नीची रहती गेंद पर बोल्ड हो गईं। पूजा ने इसके बाद अनाबेल को पगबाधा करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया। एशले गार्डनर (11) पूजा का चौथा शिकार बनीं जिन्होंने ऑफ साइड के बाहर की गेंद से छेड़छाड़ करने की कोशिश में विकेटकीपर को कैच थमाया।

# दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में कमेंट्री करते नजर आयेंगे शास्त्री

नई दिल्ली ।भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री अब दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) में कमेंट्री करते नजर आयेंगे। शास्त्री को अगले साल की शुरुआत में 10 जनवरी से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) के लिए कमेंट्री पैनल में रखा गया है।वहीं शास्त्री के अलावा इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड, केविन पीटरसन और मार्क बूचर, दक्षिण अफ्रीका के एबी डी विलियर्स, शॉन पोलाक और क्रिस मॉरिस को भी कमेंट्री पैनल में जगह दी गयी है। एसए20 लीग के आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, ''हम एसए20 के दूसरे सत्र के लिए मौजूद कमेंटेटरों और प्रस्तोताओं की क्षमता से उत्साहित हैं। लीग बेहतरीन कमेंटेटररों के महत्व को समझती है। इससे खेल में रोमांच बढ़ता है।एसए20 लीग का आयोजन 10 जनवरी से 10 फरवरी के बीच किया जाएगा।भारत में इसका प्रसारण जिओ सिनेमा और स्पोर्ट्स18 पर होगा।





# देवानंद को समर्पित है फिल्म दिलों में उफानः अनिश विक्रमादित्य



अभिनेता अनिश विक्रमादित्य का कहना है कि उनकी फिल्म दिलों में उफान देवानंद को समर्पित है। अनीश विक्रमादित्य, नीता मोहिंद्र, काव्या शुक्ला, दीक्षा अस्थाना, आशुतोष सिन्हा, धरम शर्मा और मदन कबीर स्टारर फिल्म दिलों में उफान हंगामा ओटीटी पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर आधारित है और यह समाज को इससे बचने का संदेश देती है। इस फिल्म के लेखक–निर्देशक सुखविंदर सिंह हैं।

मेटाफाबेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत फिल्म दिलों में उफान में मैच बॉक्स के प्रोड्यूसर और अभिनेता अनीश विक्रमादित्य मुख्य भूमिका में हैं। देवाानंद ने अनीश विक्रमादित्य को अपनी फिल्म चार्जशीट के जरिये बॉलीवुड में लांच किया था।अनिश विक्रमादित्य अपनी फिल्म दिलों में उफान को देवानंद के नाम समर्पित कर रहे हैं क्योंकि यह साल देवानंद की 100वां जयंती है।

अनिश विक्रमादित्य ने फिल्म दिलों में उफान को लेकर बताया कि पूर्व नृत्यांगना सन्नो और उसकी मंडली के सदस्य एक छोटे शहर में रहते हैं। सन्नो की विकलांग बेटी, सिम्मी के साथ चौंकाने वाले घटनाए होती है। उसके बाद शुरू होती है न्याय की जद्दोजहद. क्या महिलाएं अपनी शारीरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानूनी तंत्र पर भरोसा कर सकती हैं. इस फिल्म के जरिये एक झकझोर देने वाला सवाल खड़ा होता है।

निर्माता रचना कुमारी ने कहा कि दिलो मे उफान मजबूत और ज्वलंत मुद्दे पर बनी फिल्म है। मैं उम्मीद करती हूं कि यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म महिला सशक्तिकरण को समर्पित है। मुझे लगता है इस सभी सिने प्रेमियों को इस फिल्म को बहुत पसंद आएगी। वही, धोनी अनटोल्ड स्टोरी में सुशांत सिंह राजपूत की मा के किरदार में नज़र आई नीता मोहिंद्र ने कहा कि यह फिल्म देश और समाज की सच्चाई है। फिल्म कहानी कई सारे सवाल लेकर आई है। यह फिल्म महिलाओं पर होने वाले अत्याचार की सशक्त अभिव्यक्ति है। इसमें हम सब ने अपना बेस्ट दिया है और अब यह दर्शकों के सामने है। मुझे देश के दर्शकों से पूरी उम्मीद है कि उन्हें हमारी फिल्म पसंद आएगी।

## रणवीर सिंह के मैडम तुसाद में लगे दो स्टैच्यू

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने अपनी लाइफ में बेहद खास मुकाम हासिल कर लिया है। दुनियाभर में मशहूर रणवीर सिंह ने फैंस को मैडम तुसाद में खुद के एक नहीं बल्कि दो वैक्स स्टैच्यू से रुबरू करवाया है। रणवीर सिंह के स्टैच्यू की बात करें तो इस पूरे क्रिएटिव प्रोसेस के दौरान वो शामिल रहें है और उन्होंने विशेष रूप से अपने स्टैच्यू के लिए अलग लुक और स्टाइल को चुना हैं। लंदन में रखी गई उनकी प्रतिमा रणवीर की शादी के जश्न के हिस्से के रूप में मनीष अरोड़ा द्वारा डिजाइन की गई नियॉन शेरवानी में नजर आ रहे हैं। वहीं सिंगापुर वाले फिगर ने एक खूबसूरत कस्टम टक्सीडो पहना है जिसमें फूलों की सजावट के साथ एक मखमली ब्लेज़र है।गौरव गुप्ता द्वारा डिज़ाइन किया गया है। एक्टर को फैंस की तरफ से ढेर सारी बधाईयां मिली हैं। आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटीज तक ने उन्हें बधाई दी है। काम की बात करें तो रणवीर सिंह की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी हाल ही में रिलीज हुई थी। अपकमिंग फिल्म की बात करें तो रणवीर जल्द ही रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में नजर आएंगे। फिल्म से उनका लुक रिवील किया जा चुका है। इसके अलावा उनकी झोली में फेमस फेंचाइजी फिल्म डॉन है जो कि 2025 में रिलीज होगी। बता दें कि रणवीर सिंह बॉलीवुड इंडस्ट्री के एक ऐसे स्टार्स हैं जो अपने बेझिझक स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। अपने स्टाइल के अलावा रणवीर बॉक्स ऑफिस पर अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस के चलते भी सुर्खियों में रहते हैं।

## पैपराजी को देखकर दोड लगाई नव्या ने

बीते दिनों मुंबई में खो गए हम कहां फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई। स्क्रीनिंग में बॉलीवुड के तमाम सितारों ने शिरकत की। इस स्क्रीनिंग में अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा भी पहुंची, जिसके बाद से ही एक बार फिर से उनके और सिद्धांत के रिश्ते को लेकर बातें शुरू हो गई हैं।

इवेंट में नव्या अपनी कार से उतरीं और पैपराजी को देखकर सीधा दौड़कर अंदर भागीं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। नव्या नवेली नंदा बीते रोज अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म खो गए हम कहां की स्क्रीनिंग पर पहुंची। इस दौरान उनका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में नव्या अपनी कार से उतरी हैं और पैपराजी को देखकर बिना रुके और पलटे ही सीधा दौड़कर अंदर चली जाती हैं।

इस दौरान नव्या ने व्हाइट कलर की शर्ट और मैचिंग पैंट पहनी हुई है। वहीं, उनके बाल ओपन है और उन्होंने एक शॉर्ट बैग कैरी किया है। नव्या पैपराजी को देख हल्की सी मुस्कुराहट देती नजर आईं। गौरतलब है कि काफी वक्त से नव्या और सिद्धांत को लेकर खबरें आ रही हैं कि वो एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। उनके रिश्ते को लेकर बातों ने तब ज्यादा जोर पकड़ा जब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक–दूसरे की पोस्ट पर कमेंट करना शुरू कर दिया। ऐसे में नव्या के स्क्रीनिंग पर आने के बाद फुसफुसाहट और भी तेज हो गई है। हालांकि, न तो सिद्धांत चतुर्वेदी न ही नव्या नवेली नंदा ने आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते की स्थिति की पुष्टि या खंडन किया है। खो गए हम कहां को अर्जुन वरैन सिंह ने निर्देशित किया है। ये फिल्म 26 दिसंबर, 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी।





## क्रिसमस का अपना क्रेज, बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट का है फेवरेट त्योहार

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट का मानना है कि क्रिसमस मनाने का सबसे अच्छा तरीका इसे परिवार और प्रियजनों के साथ सेलिब्रेट करना है। आलिया ने कहा, क्रिसमस साल के मेरे फेवरेट टाइम्स में से एक है। मैं अपने सभी फैंस के साथ इसे मनाने का इससे बेहतर तरीका नहीं सोच सकती। यह सीजन खुशी, प्यार और एकजुटता के बारे में है। हमारी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी इसी बारे में है। यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है।

आलिया की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीवी प्रीमियर 24 दिसंबर को कलर्स सिनेप्लेक्स पर होने वाला है।

फिल्म के निर्देशक करण जौहर ने कहा, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने सात साल बाद सिनेमाघरों में मेरी वापसी को चिह्नित किया और सिनेमाघरों में इसे मिले प्यार से मैं दंग रह गया। इसने साबित कर दिया कि प्यार का यह युग प्यार है तो सब हैं के बारे में है। रणवीर ने साझा किया कि थियेट्रिकल रिलीज के दौरान फिल्म का स्वागत जबरदस्त था और अब, जब यह वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ लाखों लोगों के घरों तक पहुंच गई है तो वह काफी रोमांचित हैं।

यह फिल्म मेरे दिल में एक खास जगह रखती है, क्योंकि यह प्यार की ताकत और आत्माओं को साथ बांधने की क्षमता को बढ़ाती है, एक अटूट पारिवारिक बंधन की कहानी बुनती है। यह क्रिसमस खुशियों से भरा हो और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का मनमोहक जादू सभी के दिलों में जगमगा उठे।

## कैटरीना कैफ-विजय सेतुपति की फिल्म 'मैरी क्रिसमस' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय सेतुपति की आने वाली फिल्म 'मैरी क्रिसमस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म मैरी क्रिसमस में कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की मुख्य भूमिका है। मैरी क्रिसमस का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत विजय और कैटरीना के साथ ही होती है। दोनों की मुलाकात क्रिसमस के दिन होती है और फिर वो साथ में सेलिब्रेशन करने का फैसला करते हैं। तीन घंटों में ही दोनो एक–दूसरे के साथ सुनहरा वक्त बिता लेते हैं। पर इन तीन घंटों में विजय सेतुपति और कटरीना की जिंदगी किस कदर बदल जाती है और क्या–क्या खौफनाक होता है, वह होश उड़ा देता है। फिल्म 'मैरी क्रिसमस' हिंदी के साथ–साथ तमिल और तेलुगु में भी 12 जनवरी 2024 को रिलीज होगी।




## अंकिता, ऐश्वर्या ने किया एक–दूजे के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग

छोटे परदे का मशहूर शो बिग बॉस–17 में ऐश्वर्या शर्मा भट्ट और अंकिता लोखंडे के बीच जुबानी जंग शुरु हो गई। दोनों ने एक–दूसरे के लिए अपमानजनक शब्दों का जमकर प्रयोग किया। लड़ाई तब शुरू हुई जब सोहेल और अरबाज खान ने अंकिता से पूछा कि उन्हें क्या लगता है कि शो में कौन अपना इंडिविजुअल गेम नहीं खेल रहा है। अंकिता ने ऐश्वर्या का नाम लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या को फंटफुट पर गेम खेलना चाहिए। यह बात ऐश्वर्या को पसंद नहीं आई जिसके चलते झगड़ा शुरू हो गया। अंकिता को जवाब देते हुए, ऐश्वर्या ने कहा, खुद के पति के दिमाग पे गेम खेलने वाली औरत, मुझे अंकिता का गेम कोई दिखाओ प्लीज, उसका अपना कोई इंडिविजुअल गेम नहीं है। मुझसे इंडिविजुअल गेम खेलने के लिए न कहें और पहले इंडिविजुअल की स्पेलिंग सीखें। लड़ाई तब और बढ़ गई, जब विक्की जैन और नील भट्ट इसमें शामिल हो गए। ऐश्वर्या अंकिता की ओर बढ़ती हुई आती हैं और उनका नाम पुकारने लगती हैं। इसके बाद अंकिता कहती हैं कि वह और उनके पति शो में आने के बाद से ही उनके पीछे पड़े हुए हैं। ऐश्वर्या जवाब देते हुए कहती हैं कि उनके पति को तेरी जैसी औरत में कोई दिलचस्पी नहीं है। इससे अंकिता भड़क जाती है और पूछती है कि तेरी जैसी औरत का क्या मतलब है। ऐश्वर्या जवाब देते हुए कहती हैं- बदतमीज औरत।



## ब्लू 52 से इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा धूपिया



अभिनेत्री नेहा धूपिया मिस्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित ब्लू 52 से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अली एल अरबी ने अपनी अवॉर्ड–विनिंग डॉक्यूमेंट्री फीचर कैप्टन्स ऑफ जाअतारी के लिए सेलिब्रेट किया। ब्लू 52 कोच्चि, भारत और कतर की स्टनिंग बैकड्रॉप पर आधारित है। अपने इंटरनेशनल डेब्यू पर नेहा ने कहा कि ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग–अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक इसतरह के करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है।

नेहा ने कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है, जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना।निर्देशक अली एल अरबी ने कहा कि ब्लू 52 का निर्माण मिस्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है। नेहा ने अपनी भूमिका में जबरदस्त समर्पण दिखाया और किरदार में भावनात्मक गहराई भर दी। कोच्चि की खूबसूरत जगह और कतर की वाइब्रेंट एनर्जी हमारी स्टोरी कहने के लिए एकदम सही कैनवास के रूप में काम करती है। यह फिल्म इंटरनेशनल सिनेमा की सहयोगात्मक भावना का एक प्रमाण है। मैं दर्शकों को उस स्तर का अनुभव कराने के लिए उत्साहित हूं, जो हमने मिलकर बनाई है।













**25 वर्ष का जश्न** दैनिक चेतना मंच ने 21 दिसंबर 2023 को अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर चेतना मंच परिवार के सदस्यों के साथ हवन-पूजन किया। चेतना मंच के सेक्टर-83 स्थित ए-131 कार्यालय पर इस अवसर पर हवन किया गया। आर्य समाज के आचार्य डा. जयेन्द्र आचार्य ने हवन सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर चेतना मंच ग्रुप के संस्थापक आर.पी. रघुवंशी व उनके अनुज एडवोकेट सचिन रघुवंशी के साथ चेतना मंच परिवार के सभी सदस्यों ने हवन-पूजन में हिस्सा लिया। चेतना मंच के 25वें स्थापना दिवस पर बड़ी संख्या में चेतना मंच के शुभचिंतकों ने कार्यालय आकर तथा सोशल मीडिया व फोन करके चेतना मंच के 25 वर्षों के संघर्षशील सफर की शुभकामनाएं दीं।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो को लेकर शहरी विकास मंत्री से मिले सांसद



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) क्षेत्र में मेट्रो कॉरिडोर परियोजना के लंबित विषय को लेकर आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों नेताओं के बीच लंबी बातचीत चली । जिसमें सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने मंत्री हरदीप सिंह पुरी को बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगभग तीन लाख से ज्यादा लोग अपने फ्लैटों और कॉलोनियों में निवास कर रहे हैं। जिसमें अधिकांश मध्यम वर्ग एवं नौकरी पेशे से जुड़े हुए लोग हैं। जिन्हें अपनी आजीविका के लिए नोएडा दिल्ली एवं गुरुग्राम प्रतिदिन आना जाना पड़ता है। उनको आने-जाने के लिए परिवहन सुविधाओं के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में यदि यहां के निवासियों के लिए सरकार सुगम परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करा दे तो स्थानीय लोगों को काफी मदद मिलेगी। इसके साथ ही सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो के कार्य को शीघ्र करवाने की आवश्यकता है।

आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने चेयरमैन जयदीप जी (नोएडा मेट्रो रेलवे कॉर्पोरेशन) संयुक्त सचिव (एमओएचयूए) से इस विषय पर विस्तृत चर्चा कर आगामी दिनों में एनएमआरसी तथा डीएमआरसी की संयुक्त बैठक कर शीघ्र संबंधित डीपीआर को मंजूरी प्रदान कर मेट्रो के रुके हुए कार्यों को जल्द शुरू करने के लिए आदेशित किया।

# अंसल गोल्फ लिंक में जारी रहेगी कार्रवाई : सीईओ

## सीईओ ने कहा, जो आवंटी सही हैं, वे परेशान न हों, उनकी नोटिसें वापस होंगी




ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अंसल गोल्फ लिंक के निवासियों से कहा है कि जिन लोगों ने बायलॉज का उल्लंघन नहीं किया है और वे कोई व्यावसायिक गतिविधि भी नहीं कर रहे हैं, उनको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर प्राधिकरण से उनको नोटिस जारी हो गया है तो उसे वापस ले लिया जाएगा, लेकिन जिन लोगों ने निर्माण करने में बायलॉज का उल्लंघन किया है या व्यावसायिक गतिविधि कर रहे हैं, उनको बख्शा नहीं जाएगा। प्राधिकरण ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। सीलिंग के विरोध में बृहस्पतिवार को प्राधिकरण दफ्तर आए अंसल गोल्फ लिंक के निवासियों से मुलाकात के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने यह बात कही।

दरअसल, अंसल गोल्फ लिंक को 1997-98 में फ्री होल्ड जमीन आवंटित हुई है। इसमें करीब 600 आवंटी हैं। इन भूखंडों पर निर्माण के लिए प्राधिकरण के नियोजन विभाग से मैप स्वीकृत किया गया है, लेकिन कई निवासियों ने इन भूखंडों पर स्वीकृत मैप के हिसाब से निर्माण नहीं कर रखा है। बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन कर रखा है। कई ऐसे भी आवंटी हैं, जो होटल-पीजी जैसी कई अन्य व्यावसायिक गतिविधि भी कर रहे हैं, जो कि गलत है। प्राधिकरण को सूचना मिली तो सर्वे कराया गया, जिसमें 88 भूखंडों पर गलत निर्माण या फिर व्यावसायिक गतिविधि पाई गई। प्राधिकरण की तरफ से इन आवंटियों को नोटिस जारी किए गए। नोटिस के बाद हाल ही में प्राधिकरण ने 29 भवनों को सील कर दिया है, जिसके विरोध में अंसल गोल्फ लिंक के निवासी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से मिले। उन्होंने सीलिंग खुलवाने की अपील की।

बैठक में यह भी शिकायत मिली कि जिन भूखंडों पर नया निर्माण हो रहा है, उनमें भी नियमों की अवहेलना की जा रही है, जिस पर सीईओ ने अपने अधीनस्थों को अवैध निर्माण तत्काल ध्वस्त करने के निर्देश दिए। इस बैठक के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ अमनदीप डुली, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी, जीएम नियोजन लीनू सहगल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का हुआ आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा सूरजपुर के द्वारा कलेक्टरेट कंपाउंड में निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन कराया गया, जिसमें ऑर्थोपेडिक, मधुमेह एवं सामान्य चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य कैंप में 128 महिलाओं एवं पुरुषों ने पहुंचकर रक्तचाप एवं ब्लड व शुगर की जांच कराई।

# महिलाओं में सशक्त बनाने के लिए दिया प्रशिक्षण




**नोएडा ( चेतना मंच )।** कृषि विज्ञान केंद्र, नूरपुर छोलस द्वारा ग्रामीण महिलाओं में रोज़गार सृजन के माध्यम से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. विनीता सिंह द्वारा ब्लॉक प्रिंटिंग एवं बांधनी तकनीक पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में ग्राम छोलस एवं खंडेरा से 25 प्रशिक्षणार्थी प्रतिभाग कर रही हैं। प्रशिक्षणार्थीयों द्वारा इस प्रशिक्षण में रंगाई एवं छपाई विधि द्वारा बनाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के दुपट्टे, चादर, मेज़पोश इत्यादि बनाए जा रहे हैं जिसे बनाकर महिलाएँ काफ़ी ख़ुशी ज़ाहिर कर रही हैं एवं काफ़ी उत्साहित भी हैं। प्रशिक्षण के अंत में इन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

# जीटी रोड से नगर पालिका ने हटवाया अतिक्रमण




**दादरी ( चेतना मंच )।** नगर पालिका परिषद दादरी के कर्मचारियों द्वारा जीटी रोड पर किए गए अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सिंगल यूज प्लास्टिक को भी जब्त किया गया।

नगर पालिका परिषद दादरी की अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर अवर अभियंता जयपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग के साथ दादरी सीमांतर्गत जीटी रोड पर अतिक्रमण हटाओ और सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान चलाया गया जिसमें कूड़ा फैलाने, दुकानों के आगे सड़क पर अतिक्रमण पर 18500 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

इस अवसर पर टेक्निकल असिस्टेंट उत्कर्ष तोमर,जाकिर हुसैन, अरुण बंसल, सोहराब, फिरोज अहमद, सुधीर भाटी, पीयूष शर्मा, सोबिर , जेपी, विक्रम भाटी, राजीव गौर, रविंद्र, इमरान आदि मौजूद रहे ।

ईओ दादरी श्रीमती दीपिका शुक्ला ने दादरी के नगर वासियों से अपील की है कि सड़क पर या यह वहा कूड़ा ना फैलाए कूड़ा डोर टू डोर कलेक्शन वाली गाड़ियों में ही दें और सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का प्रयोग न करे।

# ग्रेटर नोएडा में पहुंची चौ. चरण सिंह संदेश यात्रा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान संदेश यात्रा का रालोद कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह सन्देश यात्रा का ढोल नागाड़े बजाकर स्वागत किया।

10 दिसम्बर सहारनपुर से शुरू हुई रथ यात्रा आज नौ जिलों की यात्रा करने के बाद चौधरी चरण सिंह संदेश रथ यात्रा गौतमबुद्धनगर पहुंची जहां पर रथ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पार्टी के जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी ने व उनकी पूरी रालोद की टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया।रथ यात्रा का समापन 23 दिसंबर को चौधरी साहब की जयंती पर दिल्ली के किसान घाट पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह संदेश रथ यात्रा का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि आज से दशकों पहले चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए जिस संघर्ष की शुरुआत की थी, वो आज भी प्रासंगिक है। चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के सपनो का भारत बनाना है तो युवाओं को जागरूक होना पड़ेगा।

इस मौके पर एडवोकेट इंद्रवीर भाटी अजीत सिंह दौला हरवीर सिंह श्रीमती हेमा पाठक श्रीमती प्रियंका अत्रि विजेंद्र यादव जोगिंदर तालान मनवीर भाटी मांगेराम जाटव सुशील भाटी आजाद मलिक रवि पहलवान अनिल चौधरी अवनीश मंत्री वीरेंद्र मलिक मास्टर वीरपाल सिंह प्रमोद भाटी महेश बरेला जसवीर भाटी धीरज चौधरी चमन भाटी जितेंद्र प्रधान विनोद प्रधान वीरेंद्र तालान नीरज शर्मा विनीत भाटी सुमित भाटी राजेंद्र भाटी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

